रविवार
17 सितंबर 2023

केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



लालू-नीतीश राज में हर रोज बढ़ रहे अपराध: अमित शाह

2

प्रमुख खबरें : दिल्ली ■ पटना ■ बक्सर ■ शाहाबाद ■ मगध ■ सारण ■ मिथिलांचल ■ चंपारण ■ पूर्वांचल ■ लखनऊ

अब वॉट्सएप के जरिए सीएम ऑफिस से संवाद कर सकेंगे उप्र के लोग

सीएम योगी की अनोखी पहल

केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ

उप्र के 25 करोड़ नागरिकों को अपना परिवार मानने वाले सीएम योगी आदित्यनाथ ने आम नागरिकों के साथ संवाद स्थापित करने के लिए एक नई पहल की है। प्रदेश के नागरिक अब वॉट्सएप के माध्यम से सीधे मुख्यमंत्री ऑफिस के साथ संवाद कर सकेंगे। सीएम योगी के निर्देश पर लोगों के साथ संवाद स्थापित करने के लिए चीफ मिनिस्टर ऑफिस, उत्तर प्रदेश के नाम से वॉट्सएप चैनल की शुरूआत की गई है।

इस चैनल से जुड़ने वाले लोग आसानी से अपनी बात सीएम ऑफिस के समक्ष रख सकेंगे। सोशल मीडिया पर सीएम ऑफिस



उत्तर प्रदेश सरकार के हैंडल से इस पहल की जानकारी दी गई। सीएम ऑफिस के आधिकारिक हैंडल @CMOfficeUP की ओर से लिखा गया कि उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के लिए प्रदेश के 25 करोड़ नागरिक 'एक परिवार' हैं। मुख्यमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार 'परिवार' के प्रत्येक सदस्य की खुशहाली एवं समृद्धि हेतु पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। संवाद को लोकतंत्र की आत्मा मानने वाले मुख्यमंत्री जी के 'उत्तर प्रदेश परिवार' के प्रत्येक सदस्य से सहज संवाद के लिए प्रदेश सरकार द्वारा संचार के सशक्त व सरल माध्यम वॉट्सएप का उपयोग करते हुए Chief Minister Office, Uttar Pradesh नाम से आधिकारिक वॉट्सएप चैनल शुरू किया गया है। संवाद का यह नया प्रभावशाली मंच प्रदेश सरकार से जुड़ी जनहित की सूचनाओं का त्वरित संप्रेषण करेगा। इस चैनल की खास बात यह है कि इससे कोई भी व्यक्ति जुड़ सकता है। मुख्यमंत्री कार्यालय से सीधे व त्वरित सूचनाएं प्राप्त करने के लिए इस वॉट्सएप चैनल से अवश्य जुड़ें।

पीएम से संवाद करेंगे अटल आवासीय विद्यालय के बच्चे

गोरखपुर/लखनऊ। योगी सरकार की पहल पर निशुल्क सरकारी बोर्डिंग स्कूल सरीखे अटल आवासीय विद्यालय में पढ़ाई शुरू करने वाले बच्चों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संवाद करने का मौका मिलने जा रहा है। प्रधानमंत्री 23 सितंबर को वाराणसी से प्रदेश के सभी 18 मंडल मुख्यालयों पर स्थापित अटल आवासीय विद्यालयों का औपचारिक शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर वह वाराणसी में प्रत्यक्ष तो अन्य मंडलों के बच्चों से ऑनलाइन संवाद करेंगे। प्रारंभिक तैयारियों में पीएम मोदी से वर्चुअल संवाद के लिए गोरखपुर स्थित अटल आवासीय विद्यालय को भी शामिल किया गया है। प्रदेश में श्रमिकों के पाल्यों तथा कोरोना से बेसहारा हुए बच्चों को उत्कृष्ट आवासीय व्यवस्था के तहत पूर्णतः निशुल्क शिक्षा देने के लिए अटल आवासीय विद्यालय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अभिनव पहल है। योगी सरकार की तरफ से प्रदेश के सभी मंडल मुख्यालयों पर बनाए गए अटल आवासीय विद्यालय में पहले शैक्षिक सत्र में पठन पाठन प्रारंभ हो चुका है। उप श्रम आयुक्त अमित कुमार मिश्रा के मुताबिक सभी अटल आवासीय विद्यालयों का औपचारिक उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से करेंगे। उद्घाटन अवसर पर वह बच्चों से संवाद भी कर सकते हैं। हालांकि अभी अंतिम निर्णय बाकी है, फिर भी पीएम मोदी से 'टू वे' कम्युनिकेशन को लेकर प्रारंभिक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

धर्म को लेकर टिप्पणी करने पर भावनाएं आहत न हों: हाईकोर्ट

- सनातन धर्म को लेकर जारी राजनीतिक बहस के बीच मद्रास हाईकोर्ट ने की है अहम टिप्पणी

एजेंसी/चेन्नई

डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन के बयान के बाद सनातन धर्म को लेकर जारी राजनीतिक बहस के बीच मद्रास हाईकोर्ट ने अहम टिप्पणी की है। हाईकोर्ट ने कहा है कि सनातन धर्म शाश्वत कर्तव्यों का समूह है, जिसमें देश के प्रति कर्तव्य, राजा का कर्तव्य, राजा के जनता के प्रति कर्तव्य, माता-पिता और गुरुओं के प्रति कर्तव्य, गरीबों की देखभाल और कई अन्य कर्तव्य हैं। जस्टिस एन शेषासायी ने दिए एक आदेश में कहा कि सनातन धर्म के समर्थन और विरोध में जारी बहस से कोर्ट भी परिचित है और उसे लेकर चिंतित है। कोर्ट ने कहा कि जब धर्म को लेकर कोई टिप्पणी की जाती है तो उसमें ध्यान रखना चाहिए कि उससे किसी की भावनाएं आहत नहीं होनी चाहिए। कोर्ट ने अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि 'ऐसा मान लिया गया है कि सनातन धर्म सिर्फ जातिवाद और छुआछूत को बढ़ावा देता है। जिस देश में सभी नागरिकों को समान अधिकार मिले हुए हैं, वहां छुआछूत को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। संविधान में छुआछूत को समाप्त किया गया है और यह लोगों का मौलिक अधिकार है।'



खरपतवार के साथ पूरी फसल काटना सही नहीं

हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता एलानगोवन के तर्कों का हवाला देते हुए कहा कि सनातन धर्म में कहीं भी छुआछूत का जिक्र नहीं है और ना ही यह इसका समर्थन करता है और हिंदू धर्म में सभी को समान माना जाता है, लेकिन समय के साथ जब धार्मिक कर्मकांड आगे बढ़ते हैं तो उसमें कुछ बुराइयां आ जाती हैं और यह फसल में उगी खरपतवार जैसी हैं। लेकिन इन बुराइयों को खत्म करने के लिए पूरी फसल को क्यों काटना चाहिए

बोलने की आजादी, नफरत में नहीं बदले: बता दें कि तमिलनाडु में एक सरकारी स्कूल ने नोटिस जारी किया था, जिसमें डीएमके के संस्थापक सीएन अन्नादुरई की जयंती पर छात्रों से सनातन धर्म के खिलाफ अपने विचार साझा करने को कहा था। इसी नोटिस के खिलाफ याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट का रुख किया। हाईकोर्ट ने कहा कि संविधान में बोलने की आजादी मिली हुई है लेकिन बोलने की आजादी नफरत में नहीं बदलनी चाहिए। ऐसे में बोलते समय इस बात का ध्यान रखें कि किसी की भावनाएं आहत न हों।

सार्वजनिक निजी भागीदारी से चलाए जाएंगे स्कूल

देश में 23 नए सैनिक स्कूल खोलने की केंद्र ने दी मंजूरी

- केंद्र सरकार ने की देश में 100 नए सैनिक स्कूल स्थापित करने की पहल
- ये स्कूल पहले से चल रहे 33 सैनिक स्कूलों से अलग हैं

एजेंसी/नई दिल्ली

भारत सरकार 23 नए सैनिक स्कूल खोलने जा रही है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने देश में नए सैनिक स्कूल खोलने की इजाजत दे दी है। यह स्कूल कक्षा छह से शुरू होंगे और फिर यह कालांतार में इसमें कक्षाओं की बढ़ोतरी होगी। नए सैनिक स्कूलों को सार्वजनिक निजी भागेदारी के माध्यम से चलाया जाएगा। सैनिक स्कूल सोसाइटी ने नए सैनिक स्कूलों के संचालन के लिए 19 एनजीओ, निजी स्कूलों और राज्य सरकार समझौता किया है। भारत सरकार ने देश में 100 नए सैनिक स्कूल खोलने का लक्ष्य रखा है। यह अभी चल रहे 33 सैनिक स्कूलों से अलग होगा। सार्वजनिक निजी साझेदारी योजना के तहत सैनिक स्कूलों की संख्या अब 42 हो गई है। यह स्कूल पहले से ही चल रहे 33 सैनिक स्कूलों से अलग हैं। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेहतर शिक्षा प्रणाली और युवाओं को सेना में जाने का प्रोत्साहन देने के लिए नए सैनिक स्कूलों को शुरू करने का आदेश दिया था। इन स्कूलों को पूरा नियम कानून सैनिक स्कूल सोसायटी तैयार करेगी। स्कूलों का बोर्ड संबद्धता भी सोसायटी ही तय करेगी। स्कूलों में पढ़ाई के स्तर से लेकर अनुशासन और शासन की कार्यप्रणाली भी सोसायटी ही तैयार करेगी।



देश के 11 राज्यों में खोले जाएंगे नए सैनिक स्कूल

साझेदारी मोड के तहत देश के 11 राज्यों में 23 नए सैनिक स्कूल खोले जाएंगे। इनमें से उत्तर प्रदेश में मथुरा, लखनऊ, इटावा, हरियाणा में कुरुक्षेत्र, हिमाचल प्रदेश में हमीरपुर में स्कूल खुलेंगे। इसके अलावा आंध्र प्रदेश में एक, बिहार में एक, छत्तीसगढ़ में चार, कर्नाटक में एक, केरल में दो, मध्य प्रदेश में तीन, महाराष्ट्र में दो, राजस्थान में चार जिलों में स्कूल खुलेंगे। मंत्रालय ने कहा है कि इस पहल से सैनिक स्कूल सोसाइटी के तत्वावधान में पार्टनरशिप मोड के तहत काम करने वाले नए सैनिक स्कूलों की संख्या बढ़कर 42 हो गई है, इसके अलावा मौजूदा 33 सैनिक स्कूल पहले से ही मौजूदा पैटर्न के तहत काम कर रहे हैं। केंद्र सरकार पिछले कुछ सालों से नई एजुकेशन पॉलिसी पर काम कर रही है। इसके तहत सरकार छात्र-छात्राओं के भविष्य के लिए रोजगार के रास्ते को तैयार करना चाहती है। नए एजुकेशन पॉलिसी के तहत स्टूडेंट्स को इस तरह की शिक्षा देने का खाका तैयार किया जा रहा है कि उनको देश के रक्षा क्षेत्र में आसानी से और उनकी योग्यताओं के आधार पर भारतीय सेना या फिर अर्धसैनिक बलों में नौकरी मिल सके।

संचालन का विवरण: बयान में कहा गया है कि इन स्कूलों के संचालन के तौर-तरीकों से संबंधित विवरण https://sainikschool.ncog.gov.in पर उपलब्ध हैं। इच्छुक छात्रों और अभिभावकों को वेब पोर्टल पर जाने और इस नए अवसर का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 100 नए सैनिक स्कूल स्थापित करने के दृष्टिकोण के पीछे का उद्देश्य छात्रों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सशस्त्र बलों में शामिल होने सहित बेहतर कॅरियर के अवसर प्रदान करना है। यह निजी क्षेत्र को आज के युवाओं को भविष्य के जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रशिक्षित करके राष्ट्र निर्माण की दिशा में सरकार के साथ मिलकर काम करने का अवसर भी प्रदान करता है।

कोरोना से बेहद खतरनाक है निपाह वायरस

एजेंसी/नई दिल्ली

दुनिया ने कोरोना वायरस का आतंक देखा है। इसके बाद अलग-अलग जगहों पर अन्य तरह के वायरस भी देखे गए। इसी क्रम में देश में केरल के कोझिकोड में निपाह वायरस फैला हुआ है जिसमें दो लोगों की मौत हो चुकी है और 4 लोग संक्रमित हैं। इन सब के बीच भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के डीजी राजीव बहल ने डराने वाले आंकड़े पेश किए हैं। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, उन्होंने कहा कि निपाह वायरस में मृत्यु दर 40-70 प्रतिशत के बीच है। इसके अलावा इसकी रोकथाम के लिए केंद्र सरकार ने ऑस्ट्रेलिया से मोनोक्लोनल एंटीबॉडी



की 20 डोज खरीदने का फैसला किया है। आईसीएमआर चीफ ने कहा, साल 2018 में हमने ऑस्ट्रेलिया से मोनोक्लोन एंटीबॉडी की कुछ डोज लीं थीं। फिलहाल ये डोज सिर्फ 10 मरीजों के लिए उपलब्ध हैं। 20 और डोज खरीद रहे हैं, लेकिन ये दवाई संक्रमण के शुरूआती दौर में देनी होती है। इस वायरस की चपेट में आए 100 लोगों में से 40-70 लोगों के बीच लोगों की जान जाने का खतरा है। राजीव बहल ने कहा कि कोरोना संक्रमण में मृत्यु दर सिर्फ 2-3 प्रतिशत ही थी। निपाह में संक्रमित लोगों की मृत्यु दर इसकी तुलना में बहुत अधिक है। ये 40 से 70 प्रतिशत के बीच है। फिलहाल इसके संक्रमण से बचने के उपाय किए जा रहे हैं।

इंसानों से इंसानों में फैलता है निपाह: केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने पुष्टि करते हुए कहा कि ये वायरस का बांग्लादेशी स्ट्रेन है और ये इंसानों से इंसानों में फैलता है। केरल में निपाह वायरस की वजह से दो लोगों की जान भी जा चुकी है। उन्होंने ये भी बताया कि ये वेरियंच संक्रामक तो कम है लेकिन इसकी मृत्यु दर ज्यादा है। इस वायरस का कोई इलाज या वैक्सीन नहीं है।

भारतीय वायुसेना में शामिल होंगे 100 फाइटर जेट्स

नई दिल्ली। भारतीय वायुसेना अपने बेड़े में मेड इन इंडिया फाइटर जेट शामिल करने जा रही है। स्वदेशी एयरोस्पेस क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए यह निर्णय लिया गया है। भारतीय वायुसेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने शनिवार को 100 से ज्यादा मेड-इन-इंडिया LCA मार्क 1A फाइटर प्लेन खरीदने की घोषणा की। वायुसेना प्रमुख ने अपने स्पेन दौरे में ये बातें कहीं। उन्होंने बताया कि इस नए स्वदेशी फाइटर प्लेन से मिग सीरीज के विमानों को बदला जाएगा।

न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, वायुसेना प्रमुख ने कहा, इन देसी फाइटर प्लेन को मिग-21, मिग-23 और मिग-27 के स्थान पर चरणबद्ध तरीके से बदला जाएगा। एयरफोर्स पहले भी 83 LCA मार्क-1A एयरक्राफ्ट का ऑर्डर दे चुकी है। इस डील का प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय और नेशनल सिक्योरिटी स्टेकहोल्डर्स को भेजा जा चुका है।

स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर योगी सरकार ने लिया महत्वपूर्ण फैसला

उप्र में चलेगा मेरा विद्यालय-स्वच्छ विद्यालय अभियान

केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ

महात्मा गांधी की पुण्यजयंती 2 अक्टूबर पर स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर योगी सरकार ने प्रदेश के सभी विद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में 2 अक्टूबर तक एक गहन स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इसके तहत विद्यालयों में स्वच्छता के महत्व को प्रचारित करते हुए विद्यालय और समुदाय आधारित गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया जाएगा। इस कार्यक्रम की मुख्य थीम मेरा विद्यालय - स्वच्छ विद्यालय होगी। इससे पहले योगी सरकार ने प्रदेश के समस्त शिक्षण संस्थानों में 01 सितंबर 2023 से 15 सितंबर 2023 तक स्वच्छता पखवाड़ा भी आयोजित किया था जो अब 2 अक्टूबर तक निरंतर जारी रहेगा। उल्लेखनीय है कि स्वच्छता के प्रति संवेदनशीलता को एक जन आंदोलन का रूप प्रदान करने के उददेश्य से प्रत्येक वर्ष महात्मा गांधी की पुण्य जयंती, 02 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस के रूप में आयोजित किया जाता रहा है। इसी क्रम में आवासन व शहरी कार्य मंत्रालय एवं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, भारत सरकार एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण एवं शहरी) द्वारा संयुक्त रूप से स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का



आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता की संकल्पना को ओर अधिक बल प्रदान करने के उद्देश्य से प्रस्तावित कार्यक्रम 'स्वच्छता ही सेवा' की मुख्य थीम कचरा मुक्त भारत' (गार्बेज फ्री इंडिया) निर्धारित किया गया है।

स्वच्छता शपथ का होगा आयोजन: सभी विद्यालयों और शिक्षण संस्थानों में प्रार्थना सभा के बाद स्वच्छता शपथ' का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी छात्र और शिक्षक व स्टाफ प्रतिभाग करेंगे। स्कूलों, छात्रावासों और शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षकों की मदद से बेकार एवं अपशिष्ट कचरे का निपटान अभियान के रूप में सुनिश्चित किया जाएगा एवं बच्चों को रंग आधारित गीले कचड़े के लिए हरा कूड़ादान एवं सूखे कचरे के लिए नीला कूड़ादान ठोस एवं अपशिष्ट प्रबन्धन के विषय में बताया जाएगा। इसके अतिरिक्त सभी विद्यालयों, छात्रावासों और शैक्षणिक संस्थानों में वृक्षारोपण किया जाएगा एवं बच्चों को प्राकृतिक संरक्षण के संबंध में अवगत कराया जाएगा। कचरा मुक्त भारत और अपशिष्ट प्रबंधन आदि पर पर छात्रों के लिए निबंध, स्लोगन, कविता लेखन, पेंटिंग, भाषण, प्रश्नोत्तरी, मॉडल बनाने, नाटक मंचन इत्यादि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी एवं उत्तीर्ण बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए पुरस्कृत भी किया जाएगा। सभी विद्यालयों और शिक्षण संस्थानों के माध्यम से ग्राम पंचायतों, नगर क्षेत्रों में स्वच्छता संदेशों के साथ ठोस एवं अपशिष्ट पृथक्करण के महत्व, एकल उपयोग प्लास्टिक (एसयूपी) के विकल्प, स्वच्छता आधारित व्यवहार परिवर्तन के लिए समुदाय में जागरूकता रैलियों का आयोजन किया जाएगा।

स्वच्छता अभियान को बनाया जाएगा जन अभियान: इसके अलावा सुबह की सभाओं में श्रमदान, स्वच्छता और सामुदायिक सेवा के महत्व पर शिक्षकों द्वारा छात्रों को जागरूक किया जाएगा। अभियान के दौरान जन प्रतिनिधियों, स्वच्छता पर कार्य करने वाली स्वयं सेवी संस्थाओं, एनसीसी, नेहरू युवा केंद्रों इत्यादि महत्वपूर्ण हितधारकों, संस्थाओं, व्यक्तियों का नेतृत्व एवं सहयोग प्राप्त किया जाएगा।



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मधुबनी के झंझारपुर में आयोजित रैली को किया संबोधित, बोले...

लालू-नीतीश राज में हर रोज बढ़ रहे अपराध

- अपने संबोधन में शाह ने बिहार सरकार पर बोला जोरदार हमला
- बोले- लालू-नीतीश का यह स्वार्थी गठबंधन बिहार को फिर से ले जा रहा है जंगलराज की दिशा में
- लालू जी फिर से एक्टिव हो गए हैं और नीतीश जी इनएक्टिव

केटी न्यूज/पटना

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शनिवार को बिहार के मधुबनी के झंझारपुर पहुंचे। यहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम के बाद अमित शाह ने सभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में शाह ने बिहार सरकार पर जोरदार हमला बोला। अमित शाह ने सबसे पहले बिहार में रक्षाबंधन और जन्माष्टमि की छुट्टियों को खत्म करने को लेकर बिहार सरकार को घेरा और कहा कि यहां हिंदू त्योहार की छुट्टियों पर फतवा सुनाए जा रहे हैं। अमित शाह ने कहा कि कुछ दिन पहले लालू-नीतीश ने फतवा जारी किया कि बिहार में रक्षाबंधन और जन्माष्टमी की छुट्टी नहीं होगी लेकिन इसके बाद जनता ने जो आक्रोश दिखाया मैं उसका सम्मान करता हूं।

अमित शाह ने कहा कि 2014 में 40 प्रतिशत वोट और 31 सीटों के साथ आपने मोदी जी को पीएम बनाया। 2019 में आपने 53 प्रतिशत वोट और 39 सीट दिलाकर मोदी जी को फिर से पीएम बनाया। इसके लिए मैं आपका धन्यवाद देता हूं। लालू और नीतीश की सरकार में हर रोज अपराध बढ़ रहे हैं। यह स्वार्थी गठबंधन बिहार को फिर से जंगलराज की दिशा में ले जा रहे हैं। लालू जी फिर से एक्टिव हो गए हैं और नीतीश जी इनएक्टिव हो गए हैं। लालू जी जब एक्टिव होते हैं तो आपको पता है कि बिहार में सरकार कैसे चलती है। गृह मंत्री ने कहा कि मोदी जी ने चंद्रयान और जी 20 के माध्यम से भारत को दुनिया में मजबूत स्थान दिया। जी 20 में मधुबनी पेंटिंग और नालंदा फिर से लोगों के दिमाग पर छा गया। लालू और नीतीश की सरकार में हर रोज अपराध बढ़ रहे हैं। यह स्वार्थी गठबंधन बिहार को फिर से जंगलराज की दिशा में ले जा रहे हैं। लालू





जी फिर से एक्टिव हो गए हैं और नीतीश जी इनएक्टिव हो गए हैं। लालू जी जब एक्टिव होते हैं तो आपको पता है कि बिहार में सरकार कैसे चलती है। लालू जी ने रेलवे में मंत्री रहते अरबो-खरबों का भ्रष्टाचार किया। केस चल रहा है। नीतीश जी को मालूम हैं कि देश के लिए यूपीए ने कुछ नहीं किया। इसलिए यूपीए का नाम बदलकर इंडिया करवा दिया। यह वही लालू प्रसाद यादव है जिसने बिहार को सालों पीछे धकेल दिया।

अमित शाह ने कहा कि इस भूमि ने दुनिया में मधुबनी पेंटिंग से न केवल मिथिलांचल बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया है। मैं बिहार की जनता का हृदय से धन्यवाद करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने मिथिला के मखाने को जीआइ टैग देने का काम मोदीजी ने किया। किसानों को इससे फायदा होगा। सवा चार सौ करोड़ की लागत से कई स्टेशनों का पुनः विकास करने का काम हमारी सरकार कर रही है।

लालू और नीतीश की जोड़ी तेल और पानी जैसी है

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि लालू-नीतीश की सरकार में अपराधी एक्टिव हो गए हैं। जंगलराज बढ़ता ही जा रहा है। इसका एक ही समाधान है कि बिहार और देश में भाजपा की सरकार बनाना। लालू और नीतीश की जोड़ी तेल और पानी जैसी है। मैं नीतीश जी से कहता हूं तेल और पानी में तेल का कुछ नहीं होता बल्कि पानी मैला हो जाता है। आपने प्रधानमंत्री बनने के लिए जो गठबंधन किया है वह आपको हाशिये पर ला देगा। सालों तक इस गठबंधन, कांग्रेसियों और लालू जी ने राममंदिर निर्माण को रोक कर रखा। जनवरी 2024 में अयोध्या में राम लला भव्य मंदिर में विराजमान होंगे।

यूपीए में 10 साल मंत्री रहे लालू ने बिहार को क्या दिया

दरभंगा एम्स पर गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि नीतीश कुमार ने कारण ही साढ़े 12 करोड़ की लागत से बनने वाले एम्स का काम रुक गया। मैं नीतीश कुमार से कहा हूं कि एक बार एम्स के लिए जो जमीन आपने दिया है उससे झुककर थोड़ा छूने की कोशिश कीजिए। मिथिलांचल की जनता आपको जरूर जवाब देगी। मैं लालू जी से पूछता हूं कि 10 साल तक आप यूपीए की सरकार में मंत्री थे, आपने क्या दिया बिहार को। 10 साल में सिर्फ 2 लाख करोड़ रुपया दिया। क्या इसके अलावा और कुछ दिया है। मोदी जी ने नौ साल में 5 लाख 92 हजार करोड़ रुपया दिया। बिहार में 8 हजार करोड़ की लागत से 7 पुल बन रहे हैं। गंगा नदी पर गांधी सेतु, विक्रमशिला सेतु, कटिहार-साहेबगंज सेतु का निर्माण मोदी सरकार करवा रही है। तीन वंदे मेट्रो ट्रेन चलाए जाएंगे। 2584 करोड़ की लागत से बिहार के 49 रेलवे हवाई अड्डों का निर्माण मोदी सरकार करवा रही है।

पूरी तरह विकास के लिए लड़ रही बिहार भाजपा: सम्राट

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह का मैं मिथिला की धरती पर स्वागत करता हूं। जनता से अपील करता हूं कि आप लोग इस देश में घमंडिया गठबंधन और बिहार लठबंधन को उखाड़ फेकेंगे, ऐसा झंझारपुर की धरती से वादा कीजिए। बिहार के विकास की चिंता नरेंद्र मोदी की सरकार कर रही है। बिहार भाजपा पूरी तरह विकास के लिए लड़ रही है। आज नरेंद्र मोदी और अमित शाह का भाजपा है। नीतीश कुमार को भाजपा का एकतरफा दुश्मनी भी देखना होगा। बिहार को गुंडराज और बालू माफिया से मुक्ति दिलाना है। लोकसभा चुनाव में 40 के 40 सीट पर भाजपा को जीताकर फिर से नरेंद्र मोदी की सरकार बनाना है।

सीएम नीतीश बोले... हम उन लोगों के किसी बात पर ध्यान नहीं देते, उन्हें कोई ज्ञान नही

शनिवार को अपने गृह क्षेत्र बख्तियारपुर में अपने घर के पास बने बिहार के पहले आलीशान स्कूल भवन का उद्घाटन करने पहुंचे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अमित शाह के बयानों को सीधे तौर पर खारिज करते हुए कहा कि हम उन लोगों के किसी बात पर ध्यान नहीं देते हैं। वो लोग आते हैं तो अंड-बंड बोलते हैं। उन लोगों को कोई ज्ञान नहीं है। बिहार में कितना ज्यादा विकास हो रहा है। कितना काम हो रहा है। यह सब उनको जानकारी है क्या? इन लोगों को तो ऐसे ही बोलने की आदत है। हम तो उन लोग के बयान को देखने भी नहीं जाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन लोगों का कोई वैल्यू है क्या? अब हम लोग सभी दलों को एकजुट किए हैं तो वो लोग घबराहट में हैं।

अमित शाह को गृह मंत्री बोलने में शर्म आती है: जदयू

जेडीयू के प्रदेश कार्यालय में पार्टी के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने शनिवार को प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने गृह मंत्री पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री बोलने में शर्म आती है हमें, यह कैसे गृह मंत्री हैं। यह कितने दोहरे चरित्र के लोग हैं। मिथिला की धरती जहां ये लोग जय श्री राम बोलते हैं, लेकिन अब सियाराम बोल रहे हैं। यह मिथिला की धरती है ये सियाराम बोल रहे हैं। जगत जननी सीता माता और राम को अगर मानते हैं तो यह सीता माता के मंदिर बनाने के लिए उन्होंने एक रुपये तक नहीं दिया। आज मतलब साफ हो गया कि दरभंगा में एम्स नहीं बनने वाला है।

अमित शाह बनिया, तेल पानी वही मिलाते होंगे: राबड़ी देवी

वहीं पूर्व सीएम राबड़ी देवी ने अमित शाह पर पलटवार किया है। राबड़ी देवी ने गृहमंत्री अमित शाह के लालू-नीतीश के गठबंधन को तेल-पानी जैसा बताने वाले बयान पर कहा- व्यापारी तो वो खुद हैं तो तेल पानी वही मिलाते होंगे।

गया में नहीं लगेगा पंडित आचार्य धीरेन्द्र शास्त्री का दिव्य दरबार

केटी न्यूज/पटना



बाबा बागेश्वर धाम वाले पंडित आचार्य धीरेन्द्र शास्त्री का एक से तीन अक्तूबर तक गयाजी में संभावित कार्यक्रम है। लेकिन 28 सितंबर से गयाजी में शुरू होनेवाले विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला के कारण मगध विश्वविद्यालय परिसर में उनका दिव्य दरबार नहीं लगेगा। साथ ही महाबोधि मंदिर और शक्ति पीठ मां मंगलागौरी जाने की भी प्रशासनिक अनुमति नहीं दी गई है।

बोधगया स्थित ऑडिटोरियम में कार्यक्रम के लिए आयोजन समिति द्वारा गया के डीएम को आवेदन दिया गया था। हालांकि पंडित बाबा धीरेन्द्र शास्त्री 01 अक्टूबर से 03 अक्टूबर तक गयाजी में ही रहेंगे। और पंचकोशी गयाजी तीर्थक्षेत्र में तर्पण व पिंडदान करेंगे। गयापाल पंडा ही उनके कर्मकांड को पूरा करायेंगे। इसके लिए उनकी वंशावली भी खंगाली जा रही है। आचार्य धीरेन्द्र शास्त्री मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले के गाढ़ा गांव के निवासी हैं। यह खजुराहो के पास ही है। बाबा बागेश्वर के दादाजी भी गयाजी में तर्पण और पिंडदान कर चुके हैं। बाबा बागेश्वर धाम सरकार पंडित आचार्य धीरेन्द्र शास्त्री के लिए बोधगया स्थित संबोधि रिट्रीट को बुक किया गया है। बाबा यहीं तीन दिनों तक रूकेंगे। इस होटल परिसर में दो हॉल है। इन्हीं हॉल में बाबा बागेश्वर अपने चुनिंदा भक्तों और शिष्यों से मिलेंगे। बाबा बागेश्वर धाम सरकार पंडित आचार्य धीरेन्द्र शास्त्री एक से तीन अक्तूबर तक गयाजी में रहेंगे।

मनेर में नगर अध्यक्ष के घर पर अपराधियों ने जमकर की फायरिंग

केटी न्यूज/पटना

पटना के मनेर में नगर अध्यक्ष विद्याधर विनोद के घर अपराधियों ने शुक्रवार की आधी रात को जमकर गोलीबारी की। इस गोलीबारी में नगर अध्यक्ष बाल बाल बच गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस ने घटनास्थल से गोली के 4 खोखे बरामद किए हैं। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरा को खंगालने में जुट गई है। मामले में नगर अध्यक्ष विद्याधर विनोद ने बताया कि उनका घर मनेर के नेवाती मोहल्ले में पड़ता है। शुक्रवार की आधी रात को कुछ अपराधी उनके घर पर जमकर गोलीबारी करने लगे। गोलीबारी की आवाज सुनते ही वह आननफानन में उठकर इसकी सूचना मनेर थाने को दी। सूचना मिलते ही मनेर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। इस बीच अपराधी अंधेरे का फायदा उठाकर वहां से भाग निकले। पुलिस ने घटनास्थल से गोली के चार खोखे बरामद किए हैं।

नगर अध्यक्ष विद्याधर विनोद ने बताया कि अपराधियों के द्वारा उनके घर पर 8 से 10 राउंड फायरिंग की गई। गोलीबारी के निशान उनके मकान के कई जगहों पर देखा जा सकता है। उन्होंने बताया कि एक गोली उनके बेडरूम के दीवार से आकर टकराई है। घटना के बाद नगर अध्यक्ष पूरे परिवार के साथ दहशत में है। यह पूछे जाने पर की गोलीबारी आखिर किसके द्वारा और क्यों की गई। उन्होंने इस मामले में कुछ भी बताने से इनकार कर दिया है।

GYAN JYOTI PUBLIC SCHOOL
Affiliated to CBSE NEW Delhi (10+2)
Rupsager, Main Road, Nawangar Buxar (Bihar)
Cantact No - 6200727438, 7004289776, 7654245005 | Email - gips2011@ Yahoo.in, gyanjyotipublicschool.in



विद्यालय में छात्रों के लिए अत्याधुनिक सुविधा

- असम, बंगाल व दार्जिलिंग के कुशल एवं प्रशिक्षित शिक्षक
- स्मार्ट क्लासेज आडियो एवं वीडियो से कक्षाओं का संचालन
- अत्याधुनिक विज्ञान व कंप्यूटर की प्रयोगशालाएं
- सुव्यवस्थित पुस्तकालय
- खेलकूद, योग, नैतिक शिक्षा व शारीरिक शिक्षा का कुशल ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण
- बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रत्येक क्लास सीसीटीवी कैमरे से लैस
- बच्चों के लिए हैप्पीनेस क्लासेज
- कराटे व स्काउट एंडगाइड का कुशल ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण

कॉमन सर्विस सेंटर के जिला प्रबंधक 22 हजार रु घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार

केटी न्यूज/डुमरांव

अनुमंडल के नावानगर थाना अंतर्गत गिरधर बरांव गांव से कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के जिला प्रबंधक को भ्रष्टाचार के आरोप में रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई के भ्रष्टाचार निवारण शाखा ने जिला प्रबंधक उदय द्विवेदी को 22 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ धर दबोचा। जिसके बाद भ्रष्टाचार निवारण शाखा की टीम उन्हें गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई के लिए पटना ले गई है।



मामले में बताया जाता है कि मो. परवेज गिरधर बरांव गांव में कॉमन सर्विस सेंटर का संचालक है। वह अपने केंद्र का विस्तार करना चाहता था, जिसके लिए उदय द्विवेदी उससे 25 हजार रुपए की मांग कर रहे थे। साथ ही, उसे एक परीक्षा देने की बात कही। जिसमें पास करने के बाद जिला प्रबंधक उसे प्रमाण पत्र देते। जिसके बाद वो अपने सेंटर का विस्तार करते हुए उसमें आधार कार्ड जैसे अन्य कार्यों का संचालन कर सकेगा। परवेज ने इसके लिए काफी मिन्नतें की। जिसके बाद उदय द्विवेदी 22 हजार रुपए पर मान गए। उसके बाद परवेज ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो के भ्रष्टाचार निवारण शाखा के अधिकारियों से संपर्क किया।

परवेज ने अधिकारियों को सारी बातों से अवगत कराया। उसके बाद टीम तय कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार को पहुंची और परवेज को खास केमिकल लगे 22 हजार रुपये के नोट दिए। उसके बाद टीम के पांच अधिकारी सादे लिबास में इधर-उधर घूमने लगे। इसी बीच जिला प्रबंधक उदय द्विवेदी अपने रुपए लेने सीएससी संचालक के घर पहुंचे और परवेज से रुपए लिए और निकलने लगे। जैसे ही जिला प्रबंधक बाहर आए, टीम के सदस्यों ने उन्हें गिरफ्तार किया और पटना ले गई। जहां उनसे पूछताछ के साथ आगे की कार्रवाई की जाएगी। हालांकि इस मामले की जानकारी स्थानीय पुलिस को भी नहीं लग सकी है। टीम ने काफी गोपनीय तरीके से इस आपरेशन को अंजाम दिया है। पीड़ित ने बताया कि उसे कॉमन सर्विस सेंटर के विस्तार के लिए एक ऑनलाईन परीक्षा देनी थी। जिसके प्रवेश पत्र तथा पास कराने के लिए वे बतौर नजराना 25 हजार रूपए मांग रहे थे। आरजू मिन्नत के बाद भी 22 हजार देने की बात कहे थे। वहीं इस कार्रवाई के बाद जिले के कॉमन सर्विस सेंटर संचालकों तथा अन्य विभागों के पदाधिकारियों में हड़कंप मच गया है।





गांव में सनसनी, पुलिस ने चार युवकों को लिया हिरासत में

डुमरांव के महरौरा में युवक की हत्या शरीर पर मिले जख्म के कई निशान





केटी न्यूज/डुमरांव

डुमरांव थाना क्षेत्र महज एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित महरौरा गांव में युवक की हत्या कर दी गई। जिसके बाद गांव में सनसनी मच गई। परिजनों ने बताया कि युवक प्रतिदिन कि तरह पोखरा पर सोने गया था। जानकारों की मानें तो वह गांव के कुछ अन्य युवकों के साथ स्कूल की छत पर सोता था। आधी रात को कुछ लोगों ने उस पर हमला कर दिया। जिसमें वह अधमरा हो गया।

घटना की सूचना किसी ने परिजनों को दी। जिसके बाद परिजनों ने हालत नाजूक देखते हुए उसे अनुमंडलीय अस्पाल ले गए। जहां डाक्टरों ने उसकी नाजुक हालत को देख रेफर कर दिया। लेकिन हायर सेंटर पर ले जाने के दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। युवक की पहचान स्थानीय गांव निवासी माला राय के इकलौते पुत्र ग्रहण राय उम्र 30 वर्ष के रूप में हुई है। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। परिजनों ने डुमरांव थानाध्यक्ष विन्देश्वर राम को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर दलबल के साथ पहुंचे थानाध्यक्ष ने शव को अपने कब्जे में लेकर कागजी कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेज दिया। वही पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

परिवारवालों का रो-रोकर बुरा हाल: घटना के बाद से ही मृतक की मां सरली देवी, पिता तथा पत्नी पिंकी देवी का रो रोकर बुरा हाल है। उसके तीन बच्चें है। जिसमें दो बेटा व एक बेटी है। बड़ी बेटी अंशिका 7 वर्ष की है। जबकि बेटा देवकुमार 5 वर्ष का और दूसरा अभी मात्र 5 महीने का है। थानाध्यक्ष विन्देश्वर राम ने बताया कि युवक के शरीर पर जख्म के कई गहरने निशान है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिजन जैसे बताऐगें वैसा एफआईआर होगा। इस घटना के बाद महरौरा तथा आस पास के गांवों में चचाओं का बाजार गर्म है। पुलिस ने इस मामले में उसके साथ सोने वाले चार युवको को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। वैसे पुलिस अभी इसकी पुष्टि नहीं कर पा रही है। लेकिन सूत्रों की मानें तो हिरासत में लिए गए युवकों से पूछताछ के आधार पर पुलिस इस हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने के प्रसास में जुट गई है।

नशे का आदी था युवक: सूत्रों की मानें तो युवक नशे का आदी था तथा वह रात में गांव के ही कुछ लड़कों के साथ महरौरा शिव मंदिर के पास स्थि चबुतरे तथा प्राथमिक स्कूल की छत पर सोता था। शुक्रवार की रात भी वह घर से खाना खाकर सोने गया था। लेकिन रात में किसी ने उसकी हत्या कर दी है। आशंका जताई जा रही है कि उस पर धारदार हथियार से वार किया गया है। हालांकि पुलिस अभी इस बात का पता नहीं लगा सकी है कि उस पर हमला करने वाले कौन थे तथा उनकी इससे क्या अदावत थी। बहरहाल इस घटना के बाद गांव में चचाओं का बाजार तेज है।

क्या कहते हैं थानाध्यक्ष: महरौरा में एक युवक का शव बरामद हुआ है। उसके शरीर पर जख्म के निशान मिले है। मामले की जांच की जा रही है। परिजनों द्वारा अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं कराया गया है। जल्दी ही इस मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा। - **बिंदेश्वर राम, थानाध्यक्ष, डुमरांव**

ब्रह्मपुर में एक लाख रु. नगद समेत कीमती गहनों की चोरी

केटी न्यूज/ब्रह्मपुर

बीती रात स्थानीय थाना क्षेत्र के कांट गांव में चोरों ने एक घर में चोरी की भीषण घटना को अंजाम दिया है। चोरों कांट के शमशेर अंसारी के घर से एक लाख नगद रूपए के साथ ही सोने चांदी के आभूषण, कीमती बर्तनों तथा कपड़े समेत कुल 7 लाख के करीब की संपति पर हाथ साफ किया है। घरवालों को इसकी जानकारी शनिवार की सुबह हुई। इसके बाद इसकी सूचना ब्रह्मपुर पुलिस को दी गई।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात जब घर वाले सो गए तो चोर छत के रास्ते प्रवेश कर बक्सा का ताला तोड़ उसमें रखे सोने चांदी के गहने और नगदी ले उड़े। सुबह में जब घर वालों की नींद खुले तो दरवाजा खुला पाया और घर के सामान का अस्त व्यस्त हालत में देखा तो उन्हें चोरी की बात समझ में आई। बक्से में रखे गहने के सारे बैग खाली पड़े हुए थे। यह देखकर घर में मायूसी छा गई। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी। वही इस घटना के बाद ग्रामीणों में चोर उचक्कों तथा नशेड़ियों के उत्पात से आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि इन दिनों आस पास के क्षेत्रों में नशेड़ियों की तादात बढ़ गई है।

कई युवक हेरोईन जैसे मादक पदार्थ का सेवन भी करते है। ऐसे लोग ही अपने नशे की लत को पूरा करने के लिए चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। बता दें कि हाल के दिनों में ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर, ब्रह्मपुर, निमेज सहित कई अन्य गांवों में भी चोरी की घटनाएं हो चुकी है। जिससे पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे है। ग्रामीणों की मानें तो ब्रह्मपुर पुलिस रात्रि गश्त नहीं करती है। जिस कारण चोर उचक्कों का मनोबल बढ़ा हुआ है। वहीं इस मामले में गृह स्वामी ने मोटक उर्फ पहलवान नट के साथ ही 10 अज्ञात के खिलाफ लिखित शिकायत दी है।

सोवां में कुख्यात चंदन गुप्ता के शूटर रौशन ने लूट के दौरान मारी थी सीएसपी संचालक व युवक को गोली, दो गिरफ्तार

केटी न्यूज/बक्सर

14 सितंबर की शाम सोवां गांव से पूरब सीएसपी संचालक से लूट के दौरान विरोध करने पर गोली मार युवक की हत्या तथा संचालक को जख्मी कर 3 लाख रूपए लूटने वाले दोनों अपराधी गिरफ्तार हो गए है। पुलिस ने घटना के 24 घंटे बाद ही दोनों को गिरफ्तार कर अपराधियों तथा लूटेरों को सख्त संदेश दे दिया है। लूट तथा हत्या के इस वारदात को अंजाम जेल में बंद कुख्यात चंदन गुप्ता गिरोह के अपराधियों ने दिया है।

गिरफ्तार अपराधियों ने पुलिस के समक्ष स्वीकार किया है कि जेल में बंद पानी उर्फ सेराज सिद्धिकी के इशारे पर इस घटना को अंजाम दिया गया है। गिरफ्तार अपराधियों में बक्सर चीनी मिल का सोनू कुमार उर्फ रोशन तथा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गोसाईपुर गांव के घनश्याम उपाध्याय के पुत्र राहुल उपाध्याय



शामिल है। पुलिस ने इनके पास से एक देशी कट्टा, एक पिस्टल तथा तीन गोलियां भी बरामद की है। जबकि लूट के 3 लाख रूपए को इनलोगों ने स्कार्पियों खरीदने के लिए किसी यूपी के युवक को देने की बात कही है। बता दें कि गिरफ्तार सोनू उर्फ रोशन का अपराधिक रिकार्ड रहा है। 22 फरवरी 2019 को उसे डुमरांव से सिवान के कुख्यात प्रियांशु के साथ गिरफ्तार किया गया था। वह जेल में बंद कुख्यात चंदन गुप्ता का प्रमुख शूटर रहा है तथा डुमरांव, इटाढ़ी और कृष्णाब्रह्म थानों में उस पर लूट, आर्म्स ऐक्ट, हत्या तथा हत्या की साजिश जैसे गंभीर मामले दर्ज है।

एसपी मनीष कुमार ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 14 सितंबर की शाम दोनों ने मिलकर कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के सोवां गांव से पूरब सीएसपी संचालक मनोज कुमार यादव से 3 लाख रूपए लूट लिए थे और विरोध करने पर गोली मार दी। इस मामले के उद्भेदन के लिए डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई थी। टीम में कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष संतोष कुमार, सिकरौल थानाध्क्ष संजीव कुमार, डीआईयू प्रभारी यूसुफ अंसारी के साथ ही कई अन्य पुलिस पदाधिकारियों तथा डीआईयू टीम को शामिल किया गया था। इस टीम ने वैज्ञानिक अनुसंधान के जरिए मात्र 24 घंटे बाद ही दोनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने हत्यारों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम की सराहना की।

क्या कहते हैं एसपी: सोवां में सीएसपी संचालक से लूट तथा युवक की हत्या मामले का उद्भेदन कर लिया गया है। घटना में शामिल दोनों अपराधी गिरफ्तार किए गए हैं। उनके पास से एक पिस्टल, एक कट्टा तथा 3 कारतूस बरामद हुआ है। जेल में बंद एक कुख्यात ने इसकी साजिश रची थी। - **मनीष कुमार, एसपी, बक्सर**

पुराना भोजपुर में अनियंत्रित हो चाट में पलटी ट्रक, महिला की मौत



डुमरांव। शनिवार की सुबह पटना-बक्सर फोरलेन पर पुराना भोजपुर गांव के समीप एक अनियंत्रित ट्रक चाट में पलट गई। जिसमें दबने से एक अधेड़ महिला की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों व ग्रामीणों की भीड़ मौके पर पहुंच गई। जेसीबी के सहारे से शव को निकाला गया। महिला भोजपुर ओपी क्षेत्र के पुराना भोजपुर गांव में दक्षिण टोला निवासी हेमन्ती देवी 52 वर्ष पति रामशीष राम सुबह में धान की सोहनी करने जा रही थी। इसी दौरान यह हादसा हुआ। वहीं घटना के विरोध में ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया था। जिसकी सूचना पर पहुंचे डुमरांव एसडीओ कुमार पंकज ने लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया। उन्होंने पीड़ित परिजनों को उचित मुआवजा देने का आश्वासन दिया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद डुमरांव के विधायक अजीत कुशवाहा, नगर परिषद चेयरयमैन प्रतिनिधि सुमित कुमार भी पहुंचे थे।

आईजी विकास वैभव ने एमवी कॉलेज में लेट्स इंस्पायर बिहार कार्यक्रम को किया संबोधित, किया आह्वान

पलायन रोकने के लिए युवाओं को अपनी मिट्टी से जुड़ना होगा

केटी न्यूज/बक्सर

बिहार का अतीत काफी गौरवशाली रहा है। बिहार कभी ज्ञान स्थली के रूप में जाना जाता था। राज्य के युवा सदियों पूर्व बिहार की कायम गौरव को आज भी प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ ही बिहार को नेतृत्वकर्ता के रूप में प्रतिस्थापित कर सकते है। इसके लिए केवल कुछ अच्छे लोगों को समन्वित प्रयास की जरूरत है। उक्त बातें शनिवार को एमवी कॉलेज में लेट्स इंस्पायर बिहार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आईजी विकास वैभव ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा।



उन्होंने कहा कि बिहार की धरती शिक्षा के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण रही है। आज भी बिहार शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। लेकिन राज्य के प्रतिभाओं का पलायन अन्यत्र हो गया है। ऐसे युवाओं को अपने मिट्टी से जुड़ना होगा। सभी व्यक्ति में असीम क्षमता होती है। जिसके उपयोग मात्र से बिहार को पुनरू प्राचीन खोई हुई गौरव व प्रतिभा को प्राप्त कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि बिहार के प्राचीन गौरव को प्राप्त करने के लिए लेट्स इंस्पायर बिहार से करीब 65 हजार युवा जुड़कर विभाग को आगे बढाने के लिए समन्वित प्रयास में जुट गये है। वहीं उन्होंने युवाओं में अपने ओजस्वी विचारों से जोश भर दिया। उन्होंने बताया कि युवाओं को जाति-पांति, उंच नीच के भेद भाव से उपर उठना होगा। इसके लिए सभी युवाओं को अपने आप में बदलाव करना होगा। वहीं कार्यक्रम में युवाओं की जमकर भागीदारी देखी गई। इसमें न केवल युवा बल्कि युवतियां भी काफी संख्या में शामिल रहे। कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में मंचासीन अतिथि के तौर पर एमवी कॉलेज के प्राचार्य डॉ सुभाष चंद्र पाठक, भाजपा नेता प्रदीप दूबे, वर्षा पांडेय, ऋचा वर्मा, पंकज भारद्धाज, राहुल कुमार सिंह शामिल रहे। वहीं कार्यक्रम का संचालन युवा डॉ प्रियरंजन चौबे एवं धन्यवाद ज्ञापन चंदन कात्यान ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला कोऑर्डिनेटर बक्सर उदय प्रताप, संजय सिंह राजनेता शामिल रहे।

एक नजर

अनुश्रवण समिति की बैठक में कुपोषण एनीमिया से बचाव पर हुई चर्चा



डुमरांव। शनिवार को अनुमंडल अधिकारी कुमार पंकज की अध्यक्षता में अनुमंडल स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक हुई। इसमें कुपोषण, एनीमिया, जीवन के सुनहरे 1000 दिन, डायरिया प्रबंधन आदि सभी आयामों पर चर्चा की गई। बैठक के साथ-साथ पोषण मेले का भी आयोजन बाल विकास योजना कार्यालय डुमरांव की तरफ से किया गया। जिसमें अन्नप्राशन, गोद भराई, मोटे अनाजों की रेसिपी का प्रदर्शन, शपथ ग्रहण एवं हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। बैठक में डॉ आरबी प्रसाद, अनुमंडल स्तरीय सभी बाल विकास योजना पदाधिकारी तथा डुमराव प्रखंड के सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी के साथ डुमरांव की सभी महिला पर्यवेक्षिकाएं, बीसी व सेविकाएं उपस्थित रहीं।

लंबे अंतराल के बाद सेविका को मिला न्याय, कोर्ट के आदेश पर फिर से हुई बहाली

नावानगर। स्थानीय प्रखंड के रूपसागर पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 22 की बर्खास्त सेविका को लंबी अंतराल के बाद न्याय मिली है। सेविका कुमारी कृष्ण सिंह को 15 वर्ष पूर्व टेक होम राशन में गड़बड़ी के आरोप में बर्खास्त की गई थी। इधर न्याय मिलने के साथ सेविका को कोर्ट के आदेश पर पुनः नियुक्त कर लिया गया है। हाई कोर्ट के आदेश के आलोक में सीडीपीओ ने 13 सितंबर को उन्हे सेविका पद पर नियुक्त किया गया। जिसके बाद सेविका ने पदभार ग्रहण कर लिया है। बताया जाता है उक्त पंचायत के वार्ड 5 के आंगनबाड़ी केन्द्र वर्ष 2003 से सेविका कुमारी कृष्णा के नेतृत्व में संचालित हो रही थी। वर्ष 2008 में तत्कालीन जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा केन्द्र निरीक्षण के दौरान टेक होम राशन में गड़बड़ी करने के आरोप में उक्त सेविका को अपदस्थ कर दिया गया था। जिसके बाद सेविका ने कोर्ट में मामला दर्ज कर न्याय की गुहार लगाई। इस दौरान वर्ष 2008 में ही इस केन्द्र के लिए सेविका का चूनाव हुआ। जिसमें सुशीला देवी का सेविका पद के लिए चयन हुआ। पर इन्हें भी प्रमाण पत्र जांच के दौरान फर्जी सर्टिफिकेट जमा करने के आरोप में वर्ष 2014 में बर्खास्त कर दिया गया। जिसके बाद से सहायिका द्वारा ही केन्द्र का संचालन किया जा रहा था।

हरोजा गांव के पास लावारिस स्थिति में मिली डेढ़ वर्षीय बच्ची, ग्रामीणों ने पुलिस को सौंपा

नावानगर। हरोजा गांव के पास भटक रही एक डेढ़ साल की बच्ची को ग्रामीणों ने बरामद कर सहारा दिया। बाद में बच्ची को ग्रामीणों ने पुलिस को सौंप दिया। बताया जाता है कि किसी व्यक्ति द्वार बच्ची को वहां छोड़ दिया गया था। जब ग्रामीणों ने बच्ची को देखा तो समझ गए कि किसी ने इसे छोड़ दिया है। बच्ची कुछ भी बोलने में असमर्थ है, तथा वह बराबर रोए जा रही है। ग्रामीणों ने बच्ची की पहचान कराने की भरपूर कोशिश की। पर पहचान नहीं होने पर इसकी सूचना सिकरौल पुलिस को दिया गया। सूचना पर पुलिस हरोजा गांव पहुंची। जिसके बाद बरामद बच्ची को ग्रामीणों ने पुलिस के हाथों सौप दिया। पुलिस द्वारा उक्त बच्ची को चाइल्ड लाइन को सौंपने की तैयारी की जा रही थी।

बक्सर में जूता-चप्पल की दुकान में लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख

बक्सर। शनिवार की अहले सुबह 4 बजे के आसपास नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मुनीम चौक के समीप कचहरी मस्जिद कटरे में जूता चप्पल की एक दुकान में भीषण आग लग गई। जिससे दुकान में रखा सारा जूता चप्पल जल कर खाक हो गया। वहीं आसपास के दुकानदारों को किस्मत अच्छी रही की आग आस पड़ोस में नहीं फैली, नहीं तो एक बड़ा हादसा हो सकता था। क्योंकि शहर का मुख्य मार्केट इसी क्षेत्र में है और इस क्षेत्र में भारी कंजस्टेड दुकानें है। स्थानीय लोगों से प्रात जानकारी के अनुसार पुरानी कचहरी कटरे के मो. दिलशाद की जूते की दुकान है जो राजा फूट वियर के नाम से चलाते है। शुक्रवार को उनके छोटे भाई कैसर दुकान बंद कर रात्रि में अपने घर को चले गए। वही शनिवार की सुबह 4 बजे अचानक शॉर्ट सर्किट से दुकान में आग लग गई और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सुबह टहलने निकले राहगीरों के द्वारा शोर मचाने पर लोगो को आग लगने की जानकारी हुई। जिसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना दुकान मालिक और फायर ऑफिस को दी गई। भागे भागे जब मालिक ने दुकान का शटर खोला तो दुकान में भीषण आग लगी हुई थी। वही मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी पहुंच गई। पहुंचने के साथ ही दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पा लिया। अन्यथा एक बड़ी दुर्घटना हो सकती थी क्योंकि पूरे कटरे में जूते और कपड़े की दुकानें है अगर आग और बढ़ती तो आग पर काबू पाना मुश्किल हो जाता। दुकान में हुए नुकसान का अनुमानित मूल्य 2 लाख रुपए बताया जा रहा है।



हिंदू धर्म में हरतालिका तीज का खास महत्व है जिसका हर सुहागिन को बेसब्री से इंतजार रहता है। इस दिन विवाहित महिला अपने पति के लिए व्रत रखती है और उनकी लंबी उम्र की कामना करती हैं। इस दिन भगवान शिव और मां पार्वती की पूजा की जाती है। इस बार हरितालिका तीज 18 सितंबर को मनाई जाएगी...



पति की लंबी उम्र के लिए सुहागिनें रखेंगी निर्जला व्रत

हिंदू धर्म में हरतालिका तीज का खास महत्व है जिसका हर सुहागिन को बेसब्री से इंतजार रहता है। इस दिन विवाहित महिला अपने पति के लिए व्रत रखती है और उनकी लंबी उम्र की कामना करती हैं। इस दिन भगवान शिव और मां पार्वती की पूजा की जाती है। हरतालिका तीज हर वर्ष भाद्रपद महीने के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। इस दिन विवाहित महिलाएं निर्जला व्रत रखती हैं और अगले दिन सूर्योदय के बाद व्रत खोलती हैं।

ऐसा माना जाता है इस दिन भोलेनाथ और मां पार्वती की पूजा करने से अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद प्राप्त होता है और घर परिवार पर भगवान की कृपा बनती है। इस साल हरतालिका तीज 18 सितंबर को मनाई जाएगी। इस साल हरतालिका तीज के दिन स्वाति नक्षत्र का योग बन रहा है और इस शुभ मुहूर्त में पूजा करने से बहुत अच्छा सौभाग्य प्राप्त होता है। इस खास अवसर पर आपके अपने डिजिटल अखबार केशव टाइम्स की टीम ने डुमरांव की सुहागिन महिलाओं से बात की कि इस त्योहार का उनके जीवन में क्या महत्व है।



डुमरांव नगर परिषद की पूर्व पार्षद सुशीला देवी सामाजिक गतिविधियों के अलावे पर्व त्योहारों में खास रूचि लेती हैं। कहती हैं इस त्योहार को जीवन में सबसे ज्यादा महत्व है, परिवार से ही जीवन की सारी खुशियां हैं। कहती हैं हर साल पूरे विधि विधान से तीज का निर्जला व्रत करती हूं तथा पूरे रात जागरण कर भजन कीर्तन करती हूं ताकि घर की खुशहाली बरकरार रहे।

-सुशीला देवी



भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष शीला त्रिवेदी एक जुझारू महिला होने के साथ साथ अपने पति की सलामती के लिए हर साल तीज व्रत करती हैं। कहती हैं कि वे महिलाओं के समूह के साथ तीज की कथा सुनती हैं तथा उन्हीं के साथ रात्रि जागरण कर संकीर्तन करती हैं। कहती हैं उनके जीवन में तीज का बड़ा महत्व है। दांपत्य जीवन को सुखमय बनाने के लिए भगवान की कृपा जरूरी है।

-शीला त्रिवेदी



खुशबू पांडेय की इसी वर्ष शादी हुई है। वह पहली बार तीज मनाने को लेकर काफी उत्सुक हैं। खुशबू ने बताया कि चुकि यह उनके जीवन का पहला तीज है, इसलिए उन्होंने इसकी खास तैयारी की है। तीज की कथा अपने घर में ही सुनेंगी। खुशबू के पति सुमित पांडेय ने बताया कि जरूरी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

- खुशबू पांडेय



मैं हर साल तीज का व्रत करती हूं। तीज का मेरे जीवन में खास महत्व है। मैं सभी त्योहारों में इसको खास मानती हूं। एक सप्ताह पहले से जरूरी तैयारियां शुरू कर देती हूं। खास ध्यान रहता है कि व्रत में किसी तरह का कोई विघ्न न पड़े। परिवार की जरूरतों को भी देखना और समझना पड़ता है।

- किरण देवी



मेरी शादी 16 वर्ष पहले हुई थी। यह मेरे लिए 17 वां तीज का व्रत होगा। पिछले तीन साल से मुझे सुगर है। डाक्टर व्रत तथा फास्टिंग के लिए मना करते हैं। लेकिन मैंने कभी तीज व्रत को नहीं छोड़ा है। हालांकि इस बीच यह भी ध्यान रहता है कि बीमारी की वजह से कोई परेशानी न आए। ईश्वर पर गहरी आस्था है ऐसे में व्रत आसानी से पूरा हो जाता है।

- प्रेमलता जायसवाल

हरतालिका तीज

शुगर पेशेंट और गर्भवती महिलाएं न रखें निर्जला व्रत, करें फलाहार

हरतालिका तीज हर बार भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। इस व्रत के दौरान महिलाएं शिव और पार्वती की पूजा- अर्चना करती है और पति की लंबी आयु की कामना करती हैं। इस व्रत में करीब 24 घंटे तक महिला को भूखा और प्यासा रहना पड़ता है। ऐसे में जिन महिलाओं को डायबिटीज की समस्या है या वह गर्भवती हैं। ऐसे में उन्हें ये व्रत रखते समय कई तरह की सावधानियां बरतनी की आवश्यकता होती है। घंटों तक भूखा रहने से ब्लड शुगर कम होने के साथ कमजोरी भी हो सकती है। कई बार डायबिटीज कम या ज्यादा होने के साथ दिल की धड़कन तेज, कमजोरी, कपंकपी और पसीना आने की समस्या भी हो सकती हैं। ऐसे में अगर आपको डायबिटीज के साथ हरतालिका तीज का व्रत रखना है, तो अपनी डाइट के साथ लाइफस्टाइल को भी हेल्दी रखना होगा, जिससे हरतालिका तीज के दौरान आपको परेशानी न हो। डॉक्टर व न्यूट्रीशन विशेषज्ञों की मानें तो निर्जला व्रत रखना खतरनाक हो सकता है।



शुगर पेशेंट महिलाओं को व्रत करने से बचना चाहिए। क्योंकि ब्लड शुगर मेंटेन करने के लिए खाना जरूरी है। अगर व्रत करती भी हैं तो निर्जला न रहें। चाय, सेब, पपीता, दूध, दही, बादाम, ड्राई फ्रूट आदि खा सकती हैं। इससे एनर्जी लेवल बना रहेगा। ध्यान रहे हर दो घंटे पर कुछ न कुछ खाते रहें तभी आपकी फिटनेस बरकरार रहेगी।

- गीतांजलि सिंह, फूड एंड न्यूट्रीशन एक्सपर्ट, दिल्ली



बीपी, शुगर और गर्भवती महिलाओं को निर्जला व्रत नहीं करना चाहिए। इससे बीमारी बढ़ सकती है तथा गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। गर्भवती महिलाओं के निर्जला व्रत का असर जच्चा बच्चा दोनों पर खराब पड़ता है। इसमें गर्भपात का खतरा भी रहता है। ऐसे में जरूरी है व्रत के दौरान भी व्रतियों को फल, ड्राई फ्रूट, दूध आदि का सेवन करते रहें।

- डॉ एस प्रिया, स्त्री रोग विशेषज्ञ

पौराणिक मान्यता

भगवान शिव की तपस्या के लिए माता पार्वती को घर से हरण कर जंगल में ले गई थीं सखियां

तीज के नामकरण की कथा बड़ी दिलचस्प है। पौराणिक मान्यताओं की मानें तो पर्वत राज हिमालय की पुत्री माता पार्वती बचपन से ही भगवान शिव की पूजा करती थी तथा उन्हें अपना पति मान चुकी थी। जब वह बड़ी हुई तो भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए घनघोर पूजा करने लगी। जिस कारण उनकी हालत खराब हो गई थी। वह अक्सर एकांत में भगवान शिव का ध्यान लगाती थी। इसे देख पर्वतराज को चिंता हुई। संयोग से एक दिन उनके घर देवर्षि नारद पहुंचे। पर्वतराज ने अपनी चिंता उन्हें बताते हुए विवाह के लिए कोई सुयोग्य वर की तलाश की प्रार्थना की। तब देवर्षि नारद ने उन्हें अपनी पुत्री को भगवान विष्णु को देने को कहा।

उन्होंने बताया कि भगवान विष्णु से योग्य ब्रह्मांड में कोई दूसरा वर नहीं है। देवर्षि का सुझाव हिमालय राज को पसंद आया। लेकिन माता पार्वती को जब इसकी जानकारी मिली तो वह उदास हो गई। चुकी वे मन ही मन भगवान शिव को अपना पति मान चुकी थी। जबकि उनके पिता उनका विवाह भगवान विष्णु से करवाना चाहते थे। तब उन्हें आत्महत्या करने का विचार भी आया। जब इसकी जानकारी उनकी सखियों को मिली तो वे मिलकर उन्हें घर से भगाकर जंगल में ले गई। जहां पर्णकुटी बनाकर मां पार्वती



उसमें मिट्टी के भगवान शिव का पार्थिव रूप बना उनके सामने घोर तपस्या शुरू की। कहा जाता है कि तब भाद्रपद शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को ही भगवान शिव उनपर प्रसन्न हुए थे तथा उन्हें वरदान मांगने को कहा। इसके बाद माता पार्वती ने उन्हें पत्नी के रूप में वरण करने को कहा। चुकी इस तपस्या के लिए उन्हें सखिया घर से हरण (भगाकर) कर ले गई थी इसलिए इस व्रत का नाम हरतालिका पड़ा। मान्यता है कि इस को करने वाली सुहागिनों का सौभाग्य अखंड रहता है। यही कारण है कि सुहागिन महिलाएं हर कष्ट को झेलते हुए भी इस त्योहार को पूरे विधि विधान से करती है।

तीज पर व्रत पूजन के लिए बन रहे तीन शुभ मुहूर्त, कथा जरूर सुनें सुहागिनें : आचार्य पं नरोत्तम द्विवेदी



आचार्य पं नरोत्तम द्विवेदी
ज्योतिषाचार्य

भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हरतालिका तीज मनाई जाती है। ज्योतिषाचार्य सह आचार्य पंडित नरोत्तम द्विवेदी बताते हैं कि हिंदू पंचांग के अनुसार, हरियाली तीज और कजरी तीज सावन महीने में तो हरतालिका तीज भाद्रपद या भादो मास में पड़ती है। इसे बड़ी तीज के नाम से भी जाना जाता है। इस साल हरतालिका तीज 18 सितंबर 2023 को है। इस दिन महिलाएं निर्जला व्रत रखती हैं और पति की लंबी आयु की कामना के लिए भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना करती हैं। हरतालिका तीज का व्रत सबसे कठिन व्रतों में से एक माना गया है। इस व्रत में सुहागिनें निर्जला व्रत रखने के साथ ही कई नियमों का पालन भी करती हैं। ज्योतिषाचार्य सह अचार्य पंडित नरोत्तम द्विवेदी ने बताया कि 18 सितंबर को हरतालिका तीज व्रत पूजन का शुभ मुहूर्त सुबह 5.56 बजे से सुबह 07 बजकर 57 मिनट तक रहेगा। सुबह में 11.15 मिनट से दोपहर 2.36 मिनट तक व शाम को 04.21 से 06.04 मिनट तक रहेगा।

हरतालिका तीज व्रत के नियम

1. हरतालिका तीज के दिन व्रती महिला को रात्रि में सोने की मनाही होती है। मान्यता है कि जो महिला रात को सो जाती है उसका अगला जन्म मगरमछ योनि में होता है।
2. महिलाएं रात को जागरण करती हैं और भजन-कीर्तन गाती हैं।
3. इस व्रत के शुरू होने के साथ ही व्रती महिलाओं को अन्न-जल ग्रहण करने की मनाही होती है। वो अगले दिन सुबह पूजा के बाद ही जल के साथ व्रत खोलती हैं।
4. हरतालिका तीज व्रत से जुड़ी मान्यता है कि एक बार इस व्रत को शुरू करने वाली महिला को जीवनभर इस व्रत का पालन करना होता है।
5. हरतालिका तीज व्रत कथा सुनने के बाद ही व्रत पूर्ण माना जाता है। इस दिन हर व्रती महिला को कथा अवश्य पढ़ना या सुनना चाहिए।
6. मान्यता है कि हरतालिका तीज व्रत में महिला जिस भी तरह का भोजन ग्रहण करके व्रत तोड़ लेती है तो उसका अगला जन्म अन्न की प्रकृति के आधार पर उस योनि में होता है।

कठिन व्रतों में से एक है तीज व्रत

ज्योतिषाचार्य सह अचार्य पंडित नरोत्तम द्विवेदी कहते है कि हरतालिका तीज व्रत में व्रती महिलाएं अन्न, जल और फल सभी चीजों का पूरी तरह से त्याग करती हैं। हरतालिका तीज व्रत कथा के अनुसार, इस व्रत में जो महिला पानी पीती है, उसे अगले जन्म में मछली और फल खाने वाली महिला को बंदर के रूप में जन्म लेना पड़ता है। प्रकृति और प्रेम के भाव से जुड़े सौभाग्यदायिनी व्रत है हरतालिका तीज व्रत।

तीन रोज पहले घर से निकले युवक का मिला शव, मारपीट और पानी में डूबोकर हत्या का आरोप

- चांदी थाना क्षेत्र के जलपुरा तापा गांव की घटना, शनिवार की सुबह खेत से मिला शव
- घटना का कारण स्पष्ट नहीं, परिजनों की ओर से दोस्त जताईं जा रही हत्या की आशंका
- शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद मामले की छानबीन में जुटी पुलिस

केटी न्यूज/आरा

भोजपुर के चांदी थाना क्षेत्र के जलपुरा तापा गांव में तीन रोज पहले घर से निकले युवक का शव बरामद किया गया है। उसका शव शुक्रवार की सुबह गांव स्थित खेत में पड़ा था। वह पानी में पूरी तरह भीगा हुआ था। उसके नाक और मुंह से खून निकल रहा था। घूटने के पास छिलाया हुआ था। उस कारण मारपीट करने के बाद पानी में डूबोकर हत्या किये जाने की आशंका जताई जा रही है। मृतक जलपुरा गांव निवासी कमेंद्र सिंह का 34 वर्षीय पुत्र विकास कुमार सिंह उर्फ दारा था। घटना का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है।



वैसे परिजन दोस्तों पर हत्या करने का संदेह जता रहे हैं। चचेरे भाई राज कुमार सिंह बताया कि वह घर पर रहकर खेती करता था। हालांकि कभी-कभी दो-तीन दिन के लिए दूसरे गांव में चला जाता था। वह अक्सर सलेमपुर गांव निवासी अपने दोस्त के पास आता जाता रहता था। लेकिन फिर वह वापस चलाता था। तीन दिन पहले भी वह घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। शुक्रवार को वह दानापुर से वापस गांव आये तो वह घर पर नहीं था।शनिवार की सुबह गांव का ही एक युवक उसके घर आया और बोला कि विकास का शव गांव में स्थित खेत में पड़ा है। सूचना मिलने पर वह पहुंचे। तबतक पुलिस भी पहुंच चुकी थी।? उसके बाद पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया।? चचेरे भाई राज कुमार सिंह का कहना था कि विकास का किसी से कोई दुश्मनी या विवाद नहीं था। हालांकि उन्होंने उसके दोस्तों पर मारपीट कर पानी में डूबोकर हत्या करने की आशंका जताई है। इधर, पुलिस द्वारा भी मारपीट और पानी डूबोकर हत्या करने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। बहरहाल पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है।

बताया जा रहा है कि युवक अपने मां-बाप की इकलौता पुत्र था। उसकी शादी हुई थी, लेकिन किसी कारण उसकी पत्नी साथ नही रहती थी। उसकी मां की भी मृत्यु बचपन में ही हो गई थी। उसके बाद वह चाचा-चाची के साथ रहा करता था।

छत पर सो रही महिला को विषैले सांप ने डंसा, झाड़-फूंक के चक्कर में मौत

आरा। नारायणपुर थाना क्षेत्र के चासी गांव में शनिवार की सुबह विषैले सांप के डंसने से छत पर सो रही एक महिला की मौत हो गयी। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाये जाने के दौरान उन्होंने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृत महिला चासी गांव निवासी मंगल सिंह की 45 वर्षीया पत्नी लीलावती देवी थी। मंगल सिंह ने बताया कि शुक्रवार की रात दोनों पति-पत्नी खाना खाने के बाद छत पर सोए थे। कुछ देर वह छत से नीचे चले आए, जबकि उनकी पत्नी छत पर ही सोई रह गई। शनिवार की अहले सुबह विषैले सांप ने उन्हें डंस लिया। उसके ने शोर मचाने पर घर के लोग छत पर गए, तो देखा कि वहां से एक सांप गुजर रहा है। उसके बाद सांप को मार डाला गया। वहीं सांप के डंसते ही उनकी हालत काफी बिगड़ गई। उसके बाद परिजन पहले उन्हें गांव में ही झाड़-फूंक करने के लिए ले जाया गया। कुछ देर झाड़-फूंक कराने के बाद भी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ, तो इलाज के लिए गांव स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया।

पंखे के कुंडी से लटका मिला महिला का शव, खुदकुशी की आशंका

केटी न्यूज/आरा

भोजपुर के चौरी थाना क्षेत्र के बाबूबांध गांव में शुक्रवार की देर शाम पंखे की कुंडी से लटका महिला का शव बरामद किया गया। मृत महिला बाबूबांध गांव निवासी चंदन चौधरी की 25 वर्षीया पत्नी सरोजा कुमारी थी। महिला द्वारा खुदकुशी किये जाने की आशंका है।सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष कुमार रजनीकांत घटनास्थल पर पहुंचे और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। अजीमाबाद थाना क्षेत्र के करवासीन गांव निवासी सरोजा कुमारी के पिता मनोज कुमार ने बताया कि उनकी बेटी की सास और देवर बराबर उसके साथ मारपीट किया करते थे। उसके बाद उसे मायके ले आए। चार दिन पूर्व फिर अपने ससुराल चली गई। गुरुवार की शाम उसने फोन कर अपने परिवार वालों से बात भी की थी। बातचीत के दौरान उसने बताया था कि वह अब ठीक है। इसी बीच शुक्रवार की शाम वहां के स्थानीय ग्रामीण द्वारा फोन कर सूचना दी गई कि उनकी बेटी ने फांसी लगा ली है। पिता मनोज कुमार ने उसके देवर कुंदन कुमार पर फांसी लगाकर मरने की आशंका जताई है। इधर, महिला के जेठ मुन्ना कुमार ने बताया कि वह चार दिन पूर्व अपने मायके से लौटी थी। उसके बच्चों का तबीयत खराब था। उसे लेकर उसकी सास और देवर ने कहा कि तुम जब भी मायके जाती हो। तब तुम्हारे बच्चे का तबीयत खराब हो जाता है। उसके बाद उसकी सास और उसका देवर कुंदन उसके बच्चे को इलाज करने के लिए डॉक्टर के पास ले गया गए। पुलिस के अनुसार मृतका की मौत फांसी लगने के कारण मृत्यु होना प्रतीत होता है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। बताया जा रहा है कि महिला का पति गुजरात के बड़ोदरा में प्राइवेट कंपनी में काम करता है। उसकी शादी वर्ष 2019 में 20 मई को हुई थी। उसे एक छह माह का एक बेटा है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है।

एक साथ खुले कई राज, चोरी के आरोप में तीन गिरफ्तार

♦ 342 ग्राम सोना और 1.84 लाख नकदी बरामद

केटी न्यूज/बलिया

पुलिस अधीक्षक एस आनंद के निर्देशन में फेफना थाना व एसओजी टीम बलिया की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने अन्तर्जनपदीय गिरोह के तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी का जेवरात (सोने की) 342.48 ग्राम (कीमत लगभग करीब 20 लाख तथा 1.84 लाख नगद रुपये के साथ ही दो तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद हुआ है।

अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि 10 सितम्बर को फेफना थाने पर वादिनी ने प्रार्थना पत्र के साथ सूचना दी कि रात्रि में मेरे घर में रखे हुए जेवर व नकदी रुपयों को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा घर की खिड़की को तोड़ कर चोरी कर लिया गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू की।सर्विलांस/एसओजी टीम द्वारा तकनीकी/इलेक्ट्रानिकी साक्ष्य संकलन करते हुए विवचेना के क्रम



में थानाध्यक्ष रोहन राकेश सिंह मय हमराह पुलिस फोर्स व एसओजी टीम बलिया की संयुक्त टीम ने कनैला पेट्रोल पम्प व नहर पुलिया हनुमान मंदिर तिराहा गड़वार रोड के पास दबिस देकर बृजभान उर्फ नसूड़ी बनवासी पुत्र रमेश बनवासी (निवासी सैदपुर भीतरी पौटा, थाना सैदपुर, गाजीपुर), राजकुमार बनवासी पुत्र राजेश (निवासी शहबाजकुली नसीरपुर, थाना नोनहरा, गाजीपुर) को गिरफ्तार कर लिया।

जमातलाशी में बृजभान उर्फ नसूड़ी बनवासी के पास से एक प्लास्टिक की पालीथीन में चार अंगूठी सोना, सात झुमका, चार सिकड़ी, पांच बाली, तीन झालर कान का, दो कंगन, सात लाकेट, दो कील नाक व दो कील कान तथा 500 रुपये के 166 व 100 रुपये के 42 नोट नगद और एक तमंचा मय कारतूस बरामद हुआ।

सड़क दुर्घटना में घायल एडीओ पंचायत की इलाज के दौरान मौत

सिकंदरपुर। पकड़ी थाना क्षेत्र के गौरनिया गांव निवासी एवं नवानगर ब्लॉक पर एडीओ पंचायत के पद पर तैनात परमेश्वर चौधरी की मऊ जनपद के किसी निजी अस्पताल में इलाज के दौरान बीती रात निधन हो गया।

निधन की खबर सुनते ही पूरे गांव एवं क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के मुताबिक गौरनिया गाँव निवासी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भुनेश्वर चौधरी के छोटे भाई परमेश्वर चौधरी नवानगर ब्लॉक पर एडीओ पंचायत के पद पर तैनात थे। विगत गुरुवार को वह रसड़ा से घर बाइक से आ रहे थे ज्योंहि वो चिलकहर चट्टी के पास पहुंचे तभी वहाँ सड़क पर बेतरतीब बैठे आवारा पशुओं से टकरा कर बुरी तरह घायल हो गए।आसपास के लोगो ने उन्हें घायल अवस्था मे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रसड़ा में भर्ती कराया। जहाँ से बेहतर इलाज के लिए चिकित्सको ने उन्हें रेफर कर दिया। अस्पताल पहुंचे परिजनों ने उन्हें मऊ के किसी निजी चिकित्सक के यहाँ भर्ती कराया।

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर पर प्राप्त शिकायतों का समय से करें निस्तारण



केटी न्यूज/मऊ

अपर जिलाधिकारी भानु प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय स्थित सभागार में जनपद के समस्त कार्यालयाध्यक्षों के साथ आईजीआरएस के प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के संबंध में बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान अपर जिला अधिकारी ने बैठक के उद्देश्य के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए उपस्थित समस्त कार्यालयाध्यक्षों को आईजीआरएस एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर पर प्राप्त शिकायतों का समय से गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने शिकायतों के निस्तारण के समय गुणवत्तापूर्ण आख्या लगाने तथा समय का विशेष ध्यान देने को कहा। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी ने बताया कि आईजीआरएस एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर प्राप्त होने वाली शिकायतें मुख्यतः राजस्व,पुलिस, विकास, स्वास्थ्य आदि प्रमुख विभागों से संबंधित होती हैं। इसलिए इन विभागों के कार्यालयाध्यक्ष शिकायतों के निस्तारण में गंभीरता दिखाएं। उन्होंने जनसुनवाई के दौरान ही आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों की निस्तारण की स्थिति का आकलन कर समस्त आवश्यक कारवाइयां करने के निर्देश दिए। इसके अलावा शिकायतकर्ता से वार्ता करने तथा शिकायतों के निस्तारण न होने की स्थिति में कारण सहित शिकायतकर्ता को अवगत कराने को कहा, जिससे शिकायतकर्ता संतुष्ट हो सके।

बलिया के परमन्दापुर गांव में हुई घटना से सकते में लोग, घर में अकेली रहती थी वृद्ध

घर में घुसे बदमाशों ने वृद्ध महिला की बेरहमी से हत्या कर लूट लिये लाखों रुपए के गहने

♦अंदेशा है कि लूट का विरोध करने पर बदमाशों ने महिला की कर दी हत्या

केटी न्यूज/बलिया

शहर कोतवाली क्षेत्र के परमन्दापुर गांव के एक घर में घुसे बदमाश एक वृद्ध महिला की बेरहमी से हत्या कर लाखों रुपए के गहने लूटकर फरार हो गए। घटना शुक्रवार रात आठ बजे की बताई जा रही है। मृत महिला की पहचान परमन्दापुर निवासी वीना श्रीवास्तव पति स्व केदारनाथ श्रीवास्तव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार बुजुर्ग महिला घर में अकेली रहती थी। बदमाशों ने इसका फायदा उठाकर घटना को अंजाम दिया है। बदमाशों ने महिला की सोने की चेन, अंगूठी, कान की बाली समेत अन्य गहने लूट लिये हैं। अंदेशा है कि वृद्ध महिला ने लूट का विरोध किया होगा तो बदमाशों ने उनकी हत्या कर दी। अंदेशा यह भी है कि किसी परिचित ने ही घटना को अंजाम दिया है। हालांकि हत्या व लूट की घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और छानबीन में जुट गई।



वृद्ध महिला के दोनों बेटे रहते हैं बाहर



वीना श्रीवास्तव बैरिया थाना क्षेत्र के सोनबरसा की मूल निवासी थीं। उनके पति स्व. केदार श्रीवास्तव रेलवे में नौकरी करते थे। वर्ष 2005 में उनका निधन हो गया था। वहीं महिला के दोनों बेटे नौकरी के कारण घर से बाहर रहते हैं। बड़ा बेटा सोनू कुमार श्रीवास्तव कानपुर नगर में इंस्पेक्टर के पद पर तैनात हैं। जबकि छोटा बेटा आनंद कुमार श्रीवास्तव मुंबई में चीफ कंट्रोल ऑफिसर के पद पर रेलवे में तैनात हैं। वहीं एक बेटी स्मिता श्रीवास्तव की शादी हो चुकी है। आसपास के लोगों ने वृद्ध महिला के बड़े पुत्र सोनू श्रीवास्तव को फोन से घटना की जानकारी दी। इसके बाद बड़े पुत्र एवं उनकी पत्नी तुरंत घर पहुंचे। उधर पुलिस अधीक्षक एस आनंद कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी, सीओ सिटी एस एन वैभव पांडेय समेत कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया एवं मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। घटना लूट की है या कुछ और। विभिन्न बिंदुओं पर पुलिस जांच कर रही है।

हत्या के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार



गड़वार। थाना क्षेत्र के चिलकहर गांव में चाकू से गोदकर युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने नामजद बारह अभियुक्तों में तीन अभियुक्तों को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। उधर इस मामले में प्रभारी निरीक्षक गड़वार राजकुमार सिंह के उपर गाज गिरी, एसपी ने तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया। पुलिस अधीक्षक ने संजय शुक्ला को प्रभारी निरीक्षक गड़वार नियुक्त किया है। संजय शुक्ला इससे पहले प्रभारी साइबर सेल के पद पर तैनात थे।

पुलिस ने आरोपी रवि सिंह पुत्र प्रदीप सिंह,नीरज सिंह पुत्र स्व अमरजीत सिंह तथा आयुष उर्फ रेंचो पुत्र जीव सिंह समस्त निवासीगण ग्राम चिलकहर थाना गड़वार को जिगनी रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों को सुसंगत धाराओं के तहत न्यायालय चालान कर दिया। बता दें कि संदीप राम उर्फ लड्डू (32) पुत्र स्व. वीर बहादुर की बदमाशों ने चाकू मारकर हत्या कर दी । जबकि विकास पुत्र राजेंद्र को चाकू मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। बताया जा रहा है कि मृतक के पिता स्व. वीर बहादुर चिलकहर गांव के पूर्व प्रधान थे। घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक,अपर पुलिस अधीक्षक तत्काल मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी लिया था। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क को जाम कर दिया था।



काझा खुर्द में मेरा देश ,मेरी माटी कार्यक्रम का आयोजन

मऊ। नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में नगर क्षेत्र के वार्ड नंबर 4 काझा खुर्द मेरा देश मेरी माटी का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्ड नंबर 4 के सभासद नागेंद्र कुमार ने किया ।यात्रा का शुभारंभ आजमगढ़ जनपद के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित अलगू राज शास्त्री के मूर्ति पर माल्यार्पण कर अमृत कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत के हर घर से मिट्टी एक मुट्ठी चावल लेकर गुमनाम शहीदों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त किया गया।

नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत

केटी न्यूज/ मऊ



भाजपा कार्यकताओं ने अपने नवागत जिलाध्यक्ष का एसआर प्लाजा भुजौटी में गाजे बाजे और फूल माला के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यकताओं के स्वागत से अभिभूत भाजपा जिलाध्यक्ष नूपुर अग्रवाल ने कहा कि मैं भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करती हूं जो शीर्ष नेतृत्व ने मेरे प्रति विश्वास व्यक्त किया। मुझे स्थानीय कार्यकताओं और सभी वरिष्ठ जनों ने साहस प्रदान करने का कार्य किया। आज मुझे जो भी दायित्व मिला है उसके प्रति मैं पुनः कृतज्ञता व्यक्त करती हूं। में सभी कार्यकताओं को विश्वास दिलाती हूं की मैं सभी कार्यकताओं के सम्मान में सदैव खड़ी रहूंगी। है अब हम सब मिलकर जनपद में संगठन को और अधिक मजबूत करेंगे। कहा की प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर पार्टी के कार्यकर्ता कल आशीर्वाद मैरेज हाल में प्रधानमंत्री के उद्बोधन को वर्चूवल सुनेंगे। जिसके बाद पिछड़ा मोर्चा के कार्यकर्ता प्रभारी मंत्री अनिल राजभर के नेतृत्व में बाइक रैली निकालेंगे। भाजपा के कार्यकर्ता प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर शक्ति केंद्रों पर कार्यक्रम करेंगे। कार्यकर्ता हमारी ताकत हैं मैं तो पार्टी की सेविका हूं। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पूरी तन्मयता से पार्टी का कार्य करें उनके सम्मान का पूरा ध्यान रखा जाएगा।



संपूर्ण समाधान दिवस पर 90 मामलों में पांच का हुआ मौके पर निस्तारण

केटी न्यूज/बांसडीह



शनिवार को बांसडीह तहसील सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। समाधान दिवस में कुल 90 मामले आये जिसमे 5 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। बाकी प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिये टीमें गठित कर दी गई। जिसमे सबसे ज्यादा मामले राजस्व व खाद्यान्न का रहा।जिलाधिकारी के पंहुचते ही फरियादियों की लंबी लाइन लग गयी। शुरूआत में ही मनियर थाना क्षेत्र के सरवार ककरघट्टी में नावट नं एक में पूर्व प्रधान रामदेव यादव द्वारा पंचायत भवन के सामने की जमीन , खेल के मैदान व ग्राम समाज की भूमि पर अवैध ढंग से नाम चढ़वाने अंत्येष्टि स्थल का निर्माण रोकने को लेकर प्रधान प्रतिनिधि द्वारा शिकायत करने पर जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों के ढुलमुल जवाब से डीएम की त्योरियां चढ़ गयी। नाराज लहजे में एसडीएम को चेताया कि ऐसे मामलों का निस्तारण तो दूर इस संबंध में आपको जानकारी भी नही है। ऐसे नही चलेगा प्रकरण की जांच करिये और यदि ग्राम समाज की भूमि पर गलत ढंग से नामांतरण हुआ है तो तत्काल एफआईआर दर्ज करवायी जाये। इसी बीच सर्वाधिक मामले मनियर थाने के आने पर मनियर थानाध्यक्ष की जमकर क्लास लगाई । इसी दौरान विक्रमपुर दक्षिणी में एक और खलिहान की जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत पर डीएम ने लेखपाल से लेकर एसडीएम कि एक बार फिर क्लास लगाई और चेतावनी देकर कहा कि स्थिति में सुधार लाओ अन्यथा कार्रवाई लिखने में देर नही लगेगी। इसी के बाद चोरकैण्ड कि महिला पुष्पा देवी ने जिलाधिकारी के समक्ष शिकायत करते हुए कहा कि उसके अंत्योदय कार्ड में उसे मृतक बताकर उसका नाम काट दिया गया है। बार बार गुहार लगाने पर भी कोई कार्रवाई नही हुई।

पश्चिम बंगाल को हराकर उत्तर प्रदेश बना जूनियर बालक फुटबॉल चैंपियन

मऊ। भुवनेश्वर में आयोजित जूनियर बालक फुटबॉल राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश एवं पंश्चिम बंगाल के बीच फाइनल मैच खेला गया, जिसमें उत्तर प्रदेश की टीम ने रोमाचंक मुकाबले में पश्चिम बंगाल को 2-1 के अंतर से पराजित कर दिया एवं विजेता होने का गौरव हासिल किया। जिला क्रीड़ाधिकारी मुकेश कुमार सब्बरवाल ने बताया कि मैच के प्रथम हाफ में निरंजन जंग शाही ने गोल कर टीम को बढ़त दिलाया। प्रथम हाफ तक यही स्कोर रहा। द्वितीय हाफ में पश्चिम बंगाल ने एक गोल कर टीम को बराबरी पर ला दिया। इसके बाद कार्नर पर कुलदीप ने गोल कर उत्तर प्रदेश को बढत दिला दी। मैच के अंत तक यही स्कोर रहा। उत्तर प्रदेश की फुटबाल टीम की ओर से जनपद मऊ के तीन खिलाड़ी नदीम, शाहवेज एवं आयुश राजभर खेल रहे थे।

विद्युत विजिलेंस की मॉर्निंग रेड में 40 पर एफआईआर, शहर में मची खलबली

केटी न्यूज/गाजीपुर

विद्युत वितरण खण्ड द्युतीय आमघाट से संबंधित शहर क्षेत्र के आमघाट, चंपियाबाग, ददरीघाट, मछली बाजार, बरबरहाना, टाउन हाल, विशेषवरगंज, महुवाबाग में भोर के दो बजे से सुबह नौ बजे तक अधिशाषी अभियंता सुजीत सिंह के नेतृत्व में बिजीलेंस टीम के साथ मिलकर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें हाईप्रोफाइल कटियामार लोगों के खिलाफ जैसे राइनी कटरा महुवाबाग में मकान मालिक के द्वारा 16 एमएम केबिल से अलग तरीके से कटिया डालकर विद्युत उपभोग करते हुए मौके पर पकड़ा गया।

सहायक अभियंता सुधीर कुमार ने बताया कि शहर क्षेत्र के लगभग दर्जनों मुहल्लों में कटीयामारों के खिलाफ कांबिंग की गई बराबर शहर की ट्रांसफार्मर ओवर लोडेड होना, जलना आम बात हो गई थी। जिसमें हम लोग विद्युत सप्लाई सुचारू रूप से चलाने को लेकर काफी परेशान हो रहे थे। जिसमें जो सही विद्युत उपभोक्ता हैं बराबर ऐसे लोगों की



शिकायत खंडीय ऑफिस में करते थे, जो हम लोग टीम गठित किए और रात्रि दो बजे लगभग रेड डाले तो वाकई चोरी पकड़ी गई। जिसमें कुल 40 लोगों को चोरी से मीटर बाईपास करके विद्युत उपभोग करते हुए पकड़ा गया, जो सभी लोगों के खिलाफ विजिलेंस थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई। वही महुवाबाग राइनी कटरे में रेड डाली गई। जिसमें लगभग 12 किलोवाट की विद्युत चोरी कटिया डालकर की जा रही थी। मकान मालिक के द्वारा जिस पर मौके पर विद्युत चोरी, राजस्व हानि पर मुकदमा दर्ज किया गया। वहीं सभी लोगों के खिलाफ जल्द से जल्द राजस्व निर्धारण बनाकर राजस्व हानि के रूप में भेजा जाएगा। आगे उन्होंने यह भी सख्त निर्देश देते हुए बताया कि जो भी कटिया मारकर मीटर बाईपास करके विद्युत उपभोग कर रहे हैं। सबकी शिकायत डिवीजन ऑफिस में नोट की जा रही है। जल्द ही फिर मॉर्निंग रेड की जाएगी और पकड़े जाने पर राजस्व हानि के रूप में अधिक से अधिक जुमार्ना लगाया जाएगा एवं विद्युत चोरी में एफआईआर दर्ज की जाएगी। चेकिंग टीम में विजिलेंस इस्पेक्टर धनंजय सिंह,विजिलेंस जेई अजय कुमार,कांस्टेबल अवधेश सिंह,आशुतोष दीक्षित,दीपक मिश्रा रौजा जेई अश्वनी पटेल सहित क्षेत्रीय लाइनमैन शामिल रहे।

एक नजर

चंदौली में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित



चन्दौली। जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे की अध्यक्षता में सदर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने जनता की समस्याओं को गंभीरता के साथ सुनने के उपरांत विभागीय अधिकारियों के माध्यम से निराकरण करने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान सिधना में नहर में पानी न पहुँचने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी चन्द्रप्रभा को स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। साथ ही इससे जुड़े अन्य गांवों तक भी पानी की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए. इस दौरान एक फरियादी ने जिलाधिकारी से नगर पंचायत चंदौली के वार्ड नं 11 संजय नगर में नाली के निर्माण की मांग की गई. जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत को निर्देशित करते हुए कहा कि नाली का स्टीमेट बनाकर शासन स्तर से पत्राचार कर धन की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए नाली का निर्माण सुनिश्चित किया जाए. जिलाधिकारी ने एक दिव्यांग फरियादी के पास स्वंय जाकर उसकी समस्या को सुनकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाय। मौके पर अधिकारी ने जांच पड़ताल कर जिलाधिकारी को अवगत कराया कि दिव्यांग व्यक्ति को राशन कार्ड योजना का लाभ मिल रहा है, मुख्यमंत्री आवास योजना से आच्छादित कर दिया गया है. धनराशि प्राप्त होते ही कार्य कराया जायेगा. स्वास्थ्य विभाग के संबंधी अधिकारी को दिव्यांग फरियादी के घर जाकर उपचार किया जाए।

अखिल भारतीय मधेशिया वैश्य समिति की बैठक में संतगणिनाथ जयंती मानने का निर्णय

मऊ । मोहम्मदाबाद गोहना चुंगी स्थित अखिल भारतीय मधेशिया वैश्य समिति के महामंत्री गिरीश चंद्र गुप्ता के कैंप कार्यालय पर शनिवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए बताया कि रविवार को संतगणिनाथ जयंती मानने को लेकर कैंप कार्यालय पर उनके जन्मोत्सव के मौके पर पूजन हवन तथा प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसको लेकर एक रणनीति तैयार की गई। बैठक में समाज के पदाधिकारी ने एकजुट होकर आह्वान किया कि हम सभी कार्यकर्ता कैंप कार्यालय पर पहुंचकर संत गणिनाथ जन्मोत्सव के अवसर पर उनके बताए हुए रास्ते पर चलते हुए आगे को बढ़ेंगे जिसको लेकर कार्यक्रम आयोजित है ।बैठक में धर्मदेव गुप्ता, संजीव गुप्ता, देशबंधु गुप्ता, सूरज गुप्ता, आनंद गुप्ता आदि समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे

मोहम्मदाबाद गोहना तहसील परिसर में किया गया समाधान दिवस का आयोजन



मऊ। मोहम्मदाबाद गोहना तहसील परिसर में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता करते हुए उप जिला अधिकारी हेमंत कुमार चौधरी ने पीड़ितों की समस्या सुनते हुए मामलों के निस्तारण हेतु संबंधित विभाग को प्रार्थना पत्र देकर गुणवत्ता एवं सत्यता पूर्वक निस्तारण के निर्देश दिए । इस मौके पर पड़े कल 27 प्रार्थना पत्रों में से तीन मामले का निस्तारण मौके पर किया गया। इसमें पीड़ित फागुन, राजकरण ग्राम चंद्रावती पोखरी पर विपक्षी द्वारा अवैध कब्जा के संबंध में, आशा देवी ग्राम ब ंदि हा नीम का पेड़ कटवाने के संबंध में, फेकू चौहान सासेर्ना सरकारी नाली का पानी बहाने के संबंध में, जीत ग्राम इटोरा सरकारी शौचालय को विपक्षी द्वारा रोकने के संबंध में ,मुनव्वर ग्राम बंदी कला ट्रांसफार्मर बदलने के संबंध में, पलक धारी ग्राम चक भादवा धान के मूल्य को बढ़ाने के संबंध में ,राधिका ग्राम कोटिया गड्ढे को बंद करने के संबंध में ,बृजेश निवासी कबूलपुर अवैध कब्जा हटवाने के संबंध में, चंद्रमा प्रसाद ग्राम खाती वहां अंबेडकर चौतरा का सीमांकन करने के संबंध में तथा सुमित्रा, कलावती, मालती समेत दो दर्जन महिलाएं निवासी तड़वा जरगर जो मुसहर तथा वनवासी जाति की है। इन लोगों द्वारा एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर भूमि आवंटित करने एवं सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने हेतु प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। पड़े हुए इन प्रार्थना पत्रो को उपलाधिकारी हेमंत कुमार चौधरी ने संबंधित विभाग को देकर सभी मामले का निस्तारण करने हेतु दो दिनों का मौका दिया है ।इस अवसर पर नायब तहसीलदार गौरव शाह, पुलिस उपाधीक्षक डॉक्टर अजय विक्रम सिंह, एसडीओ विद्युत नीरज कुमार ,खंड शिक्षा अधिकारी रवि प्रकाश, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत चिरैयाकोट अखिलेश यादव ,सहायक क्षेत्रीय वन अधिकारी आर मौर्य समेत तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

2 अक्तूबर तक आयुष्मान योजना से जुड़े सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर आयुष्मान मेले का आयोजन

चंदौली। आयुष्मान भव एक राष्ट्रव्यापी पहल है,जिसका उद्देश्य जिले के शहर और कस्बे तक स्वास्थ्य सेवाओं की व्यापक पहुंच प्रदान करना है' जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे ने कहा कि यह पहल 'आयुष्मान भारत' कार्यक्रम की सफलता के मद्देनजर शुरू की गई है' इस अभियान को 17 सितंबर से लागू किया जाएगा' राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 13 तारीख को राजभवन से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की आयुष्मान भव पहल का शुभारंभ की ' जिला अधिकारी ने कहा कि ह्यआयुष्मान भवह्ल एक राष्ट्रव्यापी पहल है,जिसका उद्देश्य देश के हर गांव और कस्बे तक स्वास्थ्य सेवाओं की व्यापक पहुंच प्रदान करना है' यह पहल ह्यआयुष्मान भारतह्ल कार्यक्रम के तहत आगामी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयुष्मान योजना से जुड़े सभी स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों पर आयुष्मान मेले का आयोजन किया जायेगा ' मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वाई के राय ने बताया कि आयुष्मान भाव के तीन चरणों में आयोजित किये जायेंगे ' जिसमें आयुष्मान - आपके द्वार 3.0, एचडब्ल्यूसी और सीएचसी ,पीएचसी आयुष्मान मेलों और हर गांव और पंचायत में आयुष्मान सभाओं के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएगी' सीएमओ ने बताया कि आयुष्मान भवः का उद्देश्य आयुष्मान कार्ड प्रदान करना है' जिसमें आभा आईडी उपलब्ध कराना और महत्वपूर्ण स्वास्थ्य योजनाओं और रोग की स्थिति, जैसे गैर-संचारी रोग, तपेदिक और सिकल सेल रोग के बारे में जागरूकता बढ़ाना है' आयुष्मान भवः अभियान स्वास्थ्य विभाग, अन्य सरकारी विभागों और ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्थानीय निर्वाचित निकायों के साथ मिलकर ग्राम पंचायतों द्वारा चलाया गया एक सहयोगी प्रयास है'। आयुष्मान आपके द्वार 3.0: इस पहल का उद्देश्य पीएम-जेएवाई योजना के तहत नामांकित शेष पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान करना है।

खबरें फटाफट

कबड्डी खेल का जिला स्तरीय चयन व ट्रायल्स की तैयारी पूरी

गाजीपुर। जिला खेल कार्यालय के तत्वावधान में महिला खेल समारोह के कबड्डी खेल का जिला स्तरीय चयन/ट्रायल्स 19-09-2023 के स्थान पर संशोधित किया गया है एवं जिम्नास्टिक, खो-खो, वालीबाल खेल का जिला स्तरीय चयन/ट्रायल्स 19-09-2023 को प्रातः दस बजे से नेहरू स्पोर्टस स्टेडियम गोराबाजार में किया जाना सुनिश्चित हुआ है। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। कबड्डी खेल के इच्छुक बालिकाएं अपनी प्रविष्टि 16-09-2023 पूर्वाह्न 09:30 बजे तक एवं जिम्नास्टिक, खो-खो, वालीबाल खेल के इच्छुक बालिकाएं अपनी प्रविष्टि 19-09-2023 पूर्वाह्न 09:30 बजे तक कार्यालय में दे सकते हैं। उक्त खेलों में जिनकी आयु 25 वर्ष से कम हो वही बालिका भाग ले सकती हैं। साथ ही आयु प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड साथ में लाना अनिवार्य होगा। प्रवेश निःशुल्क होगा।

ईंट भट्ठा संचालक अभिलेख को विनियमन शुल्क हेतु करें आवेदन

मऊ । अपर जिला अधिकारी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा ईट भट्ठा सत्र 2022-23 से जनपद में संचालित ईट भट्ठा स्वामियों द्वारा विभागीय पोर्टल upmines.upsdc.gov.in पर आवश्यक अभिलेखो सहित आवेदन करने एवं आनलाईन विनियमन शुल्क जमा करने के पश्चात ही ईंट मिट्टी खनन/ परिवहन किये जाने का प्राविधान किया गया है। समस्त भट्ठा स्वामी ईट भट्ठा सत्र 2023-24 (01 अक्टूबर से 30 सितम्बर 2024 तक) के प्रथम माह (अक्टूबर 2023) में विभागीय पोर्टल पर आवश्यक अभिलेखों सहित आवेदन कराएं, जिससे आनलाईन विनियमन शुल्क जमा कराया जा सके एवं भट्ठे का संचालन सुचारू रूप से हो सके। किसी भी दशा में आफलाईन चालान जमा/ मान्य नही होंगे।

बिजली की समस्याओं को लेकर पूर्व सांसद ने विद्युत विभाग के एमडी से की बात



चंदौली। सपा के पूर्व सांसद राम किशुन बिजली की समस्या के साथ-साथ जल रहे ट्रांसफार्मर के बाबत चिंता जताई है ।जिसके चलते किसानों के साथ-साथ ग्रामीणों को बिजली की समस्या से जूझना पड़ता है। जब अधिकारियों से समस्या के समाधान के लिए बात की जाती है। वह बिजली की बिल जमा करने की बात कर समस्या के समाधान को डाल देते हैं। इसके बाबत उन्होंने शनिवार को एमडी विद्युत विभाग मोबाइल समस्या के समाधान की बात कहीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि जनपद में बिजली की समस्या दिन पर दिन बिगड़ती जा रही है आए दिन ट्रांसफार्मर जलने के कारण जहां ग्रामीण ऑन में आक्रोश है वहीं किसानों को भी सिंचाई करने के लिए पानी की सुविधा के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है।

लोक भवन सभागार में मुख्यमंत्री ने विश्वकर्मा पूजा पर किया कार्यक्रम आयोजित

परंपरागत कारीगरों को आगे बढ़ने में पूरी तरह सहयोग करेगा विभाग : जिलाधिकारी

केटी न्यूज/गाजीपुर

शासन ने विश्वकर्मा पूजा के उपलक्ष्य में शनिवार को सायंकाल पांच बजे लोकभवन सभागार लखनऊ में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्यमंत्री द्वारा किया गया। जिसमें विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत लाभार्थियों को दूल-किट एवं ऋण वितरण किया गया तथा कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया गया। इस क्रम में जिले स्तर पर जिलाधिकारी के निर्देशन में कार्यक्रम का सजीव प्रसारण उद्यमियों/लाभार्थियों एवं अधिकारियों द्वारा राइफल क्लब में अपराह्न चार बजे से देखा एवं सुना गया।

इसके बाद सरिता अग्रवाल (अध्यक्ष नगर पालिका परिषद गाजीपुर) की अध्यक्षता में कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ एवं अध्यक्ष के कर कमलों से विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत विभिन्न ट्रेड के लाभार्थियों को टूलकिट एवं विभिन्न ऋण परक योजनाओं एमवाईएसवाई, ओडीओपी, पीएमईजीपी मुद्रा



योजनाओं में उद्योगों के लिए बैंकों द्वारा 50 लाभार्थियों को 4.00 करोड़ रुपये के ऋण का चेक वितरित किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा अपने संबोधन में परम्परागत कारीगरों आगे बढ़ने एवं उनके सहयोग के लिए सम्बन्धित विभागों से पूर्ण सहयोग प्रदान कराने का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष सरिता अग्रवाल, जिलाधिकारी आर्यका अखौरी, संतोष कुमार वैश्य मुख्य विकास अधिकारी, प्रवीण कुमार मौर्य उपायुक्त उद्योग, पियूष सिंह परमार अग्रणी जिला प्रबन्धक व सभी बैंकों के जिला समन्वयक, अन्य बैंकों के शाखा प्रबन्धक के साथ ही विजय शंकर वर्मा अध्यक्ष व्यापार मण्डल गाजीपुर व अच्छेलाल कुशवाहा व्यापार मण्डल के पदाधिकारी उद्यमी लाभार्थी उपस्थित रहे।

समाधान दिवस... डीएम-एसपी ने 80 प्रार्थना पत्रों में सिर्फ तीन का ही किया निस्तारण



गाजीपुर। जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील जखनियॉ में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को सम्पन्न हुआ। जिसमें 80 शिकायत/प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। मौके पर तीन का निस्तारण किया गया। जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए सातों तहसीलों की सूचना के अनुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 387 शिकायत/प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 26 शिकायत प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस मे प्राप्त शिकायत/प्रार्थना पत्रों का सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अविलम्ब मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए निस्तारण कराई जाए। इस अवसर पर परियोजना उपजिलाधिकारी जखनियॉ, तहसीलदार जखनियॉ, क्षेत्राधिकारी जखनियॉ एवं समस्त जनपदस्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का मंत्री ने किया वर्चुअल शिलान्यास

केटी न्यूज/गाजीपुर

गाजीपुर। ₹ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट₹ जिसके माध्यम से ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को स्वास्थ्य सुविधा देने का कार्य किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश के 69 जनपदों में शनिवार को 87 बीपीएचयू का शिलान्यास कार्यक्रम किया जाना था। शिलान्यास कार्यक्रम को वर्चुअल रूप से केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण भारत सरकार मनसुख मांडवीया के द्वारा किया गया। गाजीपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जखनियां पर जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि के द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. देश दीपक पाल व अन्य की उपस्थिति में किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देश दीपक पाल ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 49 लाख की लागत से उच्च श्रेणी की बीपीएचयू लैब बनेगी। लैब में एपीडिमियोलॉजिस्टिक की पोस्ट के अलावा लैब टेक्नीशियन समेत पांच पद होंगे। जिसमें विभिन्न तरह की जांचों के साथ कुल 98 तरह की जांचे होगी। साथ



ही सैंपल संग्रह, जांच, सर्विलांस के साथ-साथ विभिन्न बीमारियों की रोकथाम के लिए डेटा संग्रह आदि किए जा सकेंगे।

उन्होंने बताया कि 49 लाख की लागत से बनने वाला ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का निर्माण यूपीआरएनएसएस निर्माण इकाई को स्टेट के द्वारा नामित किया गया है। बहुत जल्द ही इसका निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में डॉ योगेंद्र यादव अधीक्षक के साथ ही जखनिया निर्माण इकाई के सहायक अभियंता और जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

खुलासा... हाइवे पर खड़े वाहनों से चोरी करने वाले चार शातिर गिरफ्तार

केटी न्यूज/चंदौली

पुलिस की रात्रि चेकिंग की नई व्यवस्था रंग लाती दिख रही है। मुगलसराय पुलिस ने चेकिंग के दौरान हाइवे पर खड़े भारी वाहनों से मोबाइल चोरी करने वाले गैंग का खुलासा किया है। पुलिस ने गैंग सरगना समेत 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास चोरी के 25 अदद मोबाइल बरामद हुए हैं। फिलहाल पुलिस मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुटी है।

दरअसल एसपी चन्दौली की तरफ से रात्रि चेकिंग की व्यवस्था को सख्ती से लागू किया गया है। जिसकी मोनिटरिंग भी आलाधिकारियों द्वारा की जा रही है। इसी क्रम में मुगलसराय पुलिस द्वारा चन्दासी कोल मंडी के समीप चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कॉम्बिंग करते हुए 3 शातिर चोरों मुगल सराय निवासी अभियुक्त बादल सोनकर, संजय चौहान व वाराणसी निवासी शनी गुप्ता को धर दबोचा,जबकि तीनों की निशानदेही पर मुगलसराय निवासी रतन सोनकर को उसके घर महावलपुर से गिरफ्तार किया गया। बादल सोनकर गैंग का मास्टर माइंड बताया जा रहा है।

गिरफ्तार चारों अभियुक्तों की निशानदेही पर



मुगलसराय पुलिस ने 25 एंडरायड मोबाइल फोन बरामद किए है।अभियुक्तों ने बताया कि तीनों लोग रात में सड़क के किनारे खड़ी ट्रकों से जिनके ड्राइवर रात मे दूर से आने के कारण वाहनों पर ही सो जाते हैं. तब हम लोग चुपके से उनकी मोबाइल व अन्य सामान चुरा लेते हैं हम लोग चुराये हुए मोबाईलों को रतन सोनकर को सतपोखरी मोड़ स्थित माबाइल की दुकान सस्ते दास में बेच देते हैं, और मिले हुए पैसों को हम लोग आपस मे बांट लेते हैं . इन्ही पैसों से परिवार का भरण पोषण करते थे।

इस बाबत एसपी चन्दौली डॉ अनिल कुमार ने बताया कि रात्रि चेकिंग के दौरान हाइवे के किनारे ढाबों एवं पेट्रोल पंप पर खड़े वाहनों से मोबाइल व सामान चोरी करने वाले चार शातिरों को जनपद चंदौली के थाना मुगलसराय पुलिस ने दबोच लिया है।

डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ गाजीपुर के विशाल रक्तदान में महादानियों का रेला, डीएम ने किया शुभारंभ

रक्तदान से हानि नहीं होती, युवा वर्ग लें हिस्सा : अखौरी

केटी न्यूज/गाजीपुर

डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ गाजीपुर के विशाल रक्तदान में महादानियों का रेला जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने रक्तदान शिविर का किया शुभारम्भ। इसके उपरान्त महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया।

गाजीपुर राष्ट्रीय अभियंता दिवस के शुभ अवसर पर ई सुरेंद्र प्रताप अध्यक्ष उत्तर प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ एवं राज्य कर्मचारी सयुक्त परिषद के सहयोग से बिगत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी पीडब्लूडी कार्यालय परिसर में विशाल रक्तदान शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी आर्यका अखौरी के कर कमलों से भारत रत्न ईएम



विशेस्वरैया एवं ईआरके दत्ता के चित्र पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। अपने सम्बोधन में जिलाधिकारी ने डिप्लोमा ई० महासंघ के इस सामाजिक कार्य की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि आज जो हम रक्तदान कर रहे हैं क्या पता हमारे परिवार में इसकी जरूरत पड जाए। उन्होंने डिप्लोमा इंजी. संग के पदाधिकारियों को इसके सफल आयोजन पर बधाई देते उन्होंने जनपदवासियों से अपील किया कि एक यूनिट रक्तदान से किसी को किसी प्रकार की हानि नही होती, अधिक से अधिक युवा वर्ग इसमें हिस्सा लें तथा रक्तदान महाकुम्भ में अपनी भागीदारी निभाएं।

विशिष्ट अतिथि के रूप में मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा० आनन्द मिश्रा एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी व अधीक्षक डॉ. देश दीपक पाल व डा० राजेश सिंह ने रक्तदान के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक- डिप्लोमा ई० महासंघ एवं राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष इ० सुरेन्द्र प्रताप एवं जिलामंत्री इ० ओमप्रकाश गुप्ता व बैजनाथ तिवारी के अथक परिश्रम से रक्तदान का यह कार्यक्रम अत्यन्त सफल रहा। मंचासीन अतिथिगण को बैच अलंकार, माल्यापर्ण व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मंचासीन अतिथियों द्वारा विगत वर्ष के रक्तदाताओं का सम्मान पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। रक्तदान शिविर में महत्वपूर्ण भूमिका परिषद के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं राज्य कर्मचारी सयुक्त परिषद के संरक्षक अम्बिका प्रसाद दुबे ने निभाया। रक्तदान शिविर में मुख रूप से पीजी कालेज, एसो० बोरिंग टेक्नीशियन संघ, राजकीय पॉलीटेक्निक, राजकीय आई० टी० आई०, कृषि विभाग, जिला विद्यालय निरीक्षक संघ, विकास भवन सिंचाई संघ, जल निगम, आरईडी, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ, ग्राम विकास अधिकारी संघ, समर्पण संस्था महिला विकास मंच, लुदर्श कांवेंट स्कूल, सेवा निवृत कर्मचारी एवं पेंशनर एसो० सहित कई संस्थाओं के संचालक एवं गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की।